दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 07 अप्रैल - 2026 ● वर्ष : 11 अंक : 104 पेज - 08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## पश्चिम एशिया संकट और गहराया ईरान ने ठुकराया युद्धविराम प्रस्ताव

### कहा- हमले जारी रहने तक नहीं होगी सीधी बातचीत



**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ अमेरिका की ओर से सैन्य कार्रवाई की चेतावनियां मिल रही हैं, तो दूसरी ओर ईरान खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी संपत्तियों को निशाना बना रहा है। इस बीच, ईरान ने सोमवार को कहा कि उसने मध्यस्थों की ओर पेश किए गए प्रस्तावों अपना जवाब तैयार कर लिया है। हालांकि, उसने यह भी कहा कि जब तक अमेरिका व इस्राइल हमले तेज करते रहेंगे, वह सीधी वार्ता में शामिल नहीं होगा।

**ईरान के विदेश मंत्रालय ने क्या कहा? :** ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा, अमेरिका का 15 सूत्रीय प्रस्ताव अत्यधिक मांगों वाला है। हमने अपनी मांगों का एक अलग सेट तैयार कर लिया है और उसे औपचारिक रूप दे दिया है। इस संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि इस्फहान में पायलट बचाव अभियान केवल एक छल-कपट था, जिसका मकसद ईरान के संवर्धित यूरेनियम को जब्त करना था। यह युद्धविराम विरोधी पक्ष को फिर से संगठित होने और अपनी कार्रवाई जारी रखने का मौका दे सकता है। मंत्रालय ने कहा, ओमान के साथ बातचीत का फोकस होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए एक प्रोटोकॉल बनाने पर है।

तेहरान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि जरूरत पड़ने पर तेहरान ह्यअपनी पूरी ताकतह्न से अपने देश की रक्षा करेगा। उन्होंने अमेरिका और इस्राइल पर आरोप लगाया कि उनकी ह्यकोई रेड लाइन नहीं हैह्न और वे अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अनदेखी करते हैं। बगाई ने मध्यस्थों के जरिए भेजे गए अमेरिका के कथित 15-सूत्रीय सीजफायर प्रस्ताव को तर्कहीन करार दिया।

## एपीके फाइल कर रही है मोबाइल को बेकार कई शिकायतों से जूझ रहे हैं थानेदार

**जरूरी खबर**

> साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं और उनके खातों से बड़ी रकम निकाल रहे हैं




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अगर आप एंड्रॉयड मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। इन दिनों गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एपीके फाइल के जरिए मोबाइल हैकिंग और साइबर ठगी के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं और उनके खातों से बड़ी रकम निकाल रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ठग मोबाइल उपयोगकर्ताओं को संदिग्ध एपीके फाइल भेजते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इस फाइल को डाउनलोड कर स्थापित करता है, उसके मोबाइल में खतरनाक वायरस सक्रिय हो जाता है। इसके बाद मोबाइल धीमा पड़ने लगता है, बार-बार अटकता है और कई मामलों में पूरी तरह काम करना बंद कर देता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह वायरस इतना शक्तिशाली होता है कि न तो संबंधित फाइल हटाई जा सकती है और न ही मोबाइल को पुनः प्रारंभ (रीसेट) करने पर समस्या खत्म होती है। कई मामलों में मोबाइल पूरी तरह निष्क्रिय हो जाता है। इसके बाद साइबर ठग अपराधी इस माध्यम से उपयोगकर्ताओं की निजी जानकारी, बैंक खाते से जुड़े विवरण और एक बार उपयोग होने वाले पासवर्ड तक हासिल कर लेते हैं। इसके बाद ऑनलाइन लेन-देन के जरिए हजारों से लेकर लाखों रुपये तक की ठगी की जा रही है।

### तेजी से बढ़ रहा है एपीके फाइल से क्राइम

करंट क्राइम : पुलिस अधिकारियों और साइबर क्राइम पर काम करने वालों का कहना है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लगभग सभी जोन में इस तरह के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम लोगों के लिए खतरा बढ़ गया है। ऐसे पहचानें संदिग्ध एपीके फाइल :

- आरटीओ चालान, यातायात जुमार्ना, केवाईसी अपडेट जैसे नाम से फाइल आना।
- अनजान नंबर या लिंक से फाइल प्राप्त होना।
- मोबाइल पर अचानक फाइल डाउनलोड करने का दबाव बनाना ।
- फाइल सेव करते समय अनावश्यक अनुमति मांगना।
- आधिकारिक अनुप्रयोग भंडार पर उपलब्ध न होना

### बचाव और सावधानी

- केवल आधिकारिक एप से ही फाइल डाउनलोड करें।
- किसी भी अनजान एपीके फाइल को डाउनलोड या स्थापित न करें।
- मोबाइल की अज्ञात स्रोत सेटिंग को बंद रखें। मोबाइल में सुरक्षा अनुप्रयोग का उपयोग करें।
- बैंक से जुड़ी जानकारी और ओटीपी किसी के साथ साझा न करें।
- संदेह होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।
- साइबर सचेतकों के अनुसार, लालच या डर पैदा करने वाले संदेशों से सतर्क रहना बेहद जरूरी है।
- किसी भी अनजान फाइल को खोलने से पहले उसकी सत्यता की जांच जरूर करें।
- थोड़ी सी सावधानी आपको बड़े आर्थिक नुकसान से बचा सकती है।

**डिप्टी सीएम के रैली वाले बयान पर राकेश यादव का पलटवार**

## कहा, चाहकर भी हमारी भीड़ को वो नहीं कर पाये इग्नोर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में बयानों का अपना एक महत्व होता है। मंच से किस पर तंज कसा जा रहा है इसका एक स्तर होता है। आमतौर पर राजनीतिज्ञ इन बारिकीयों को जानते हैं। बीते दिनों नोएडा में दादरी में समाजवादी पार्टी की भाईचारा रैली हुई। इस रैली की भीड़ की चर्चा काफी सुनाई दे रही है। समाजवादी इसे अपनी ताकत बता रहे हैं। 5 अप्रैल को गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या आये। ये मौका कश्यप जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का था। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने मंच से बोलते ही समाजवादी पार्टी की रैली का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की रैली में जितनी भीड़ आई थी उतनी भीड़ तो यहां कश्यप जयंती के कार्यक्रम पर मैदान में दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि यहां समाजवादी पार्टी की रैली से ज्यादा भीड़ है। समाजवादी रैली की भीड़ की तुलना अगर डिप्टी सीएम अगर मंच से कर रहे हैं तो जरूर कोई वजह क्या वास्तव में कश्यप जयंती पर ज्यादा भीड़ आई थी। क्या समाजवादी की रैली में उतने लोग नहीं थे। इस बात को लेकर पूर्व एमएलसी और सपा के वरिष्ठ नेता राकेश यादव ने दैनिक करंट क्राइम से बात की। उन्होंने कहा कि वैसे तो राजनीति में सबकी अपनी अपनी नजर होती है। विपक्ष सत्ताधारी दल की रैली को अलग नजरिये से देखता है और सत्ताधारी दल विपक्ष की रैलियों को कम आंकते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात ये है कि दादरी में समाजवादी पार्टी ने रैली की है और इस बात को लेकर मंच से अपसेट भाजपा के डिप्टी सीएम हो रहे हैं।



उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की रैली ही इतनी बड़ी थी कि डिप्टी सीएम चाहकर भी खामोश नहीं रह पाये। उन्होंने पूरा जोर लगाया होगा लेकिन जुबान पर बात आ ही गई। अगर समाजवादी पार्टी की रैली में भीड़ कम थी तो फिर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या मंच से अपनी रैली की तुलना समाजवादी पार्टी की रैली से क्यों कर रहे हैं। ये तराजू बता रहा है कि समाजवादियों की भीड़ से भाजपा के डिप्टी सीएम भी हैरान हैं। कुछ तो ऐसा है जो उन्हें बेचैन कर रहा है तभी वो मंच से कटाक्ष कर रहे हैं। पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने कहा कि अगर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट चैक की होती तो उन्हें और ज्यादा रंज होता क्योंकि सोशल मीडिया पर समाजवादी रैली की तारीफ हुई है। उन्होंने कहा कि रैली ही ऐसी हुई है कि तुलना करनी पड़ रही है। वो पूरा जोर लगाकर भी हमें इग्नोर नहीं कर पाये। बस यहीं से पता चल रहा है कि आने वाला समय जय समाजवाद है।

## गैस एजेंसी की तोड़कर दीवार चोरों ने कर दिए 12 सिलेंडर पार

**चोरी की वारदात**

> गैस सिलेंडरों की किल्लत के साइड इफैक्ट भी सामने आने लगे हैं



**लोनी, करंट क्राइम:** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण जोन के अंतर्गत लोनी क्षेत्र एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात से चर्चा हो रही है। आजकल वैसे भी गैस सिलेंडरों की किल्लत है और इस किल्लत के साइड इफैक्ट भी बाहर व सामने आने लगे हैं। जानकारी मिली है कि चिरोड़ी-बंथला रोड स्थित प्रधान एचपी गैस सर्विस पर चोरों ने सुनियोजित तरीके से धावा बोलते हुए एक ही रात में 12 गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। खास बात यह है कि इससे पहले भी इसी गैस एजेंसी से 14 सिलेंडर चोरी हो चुके हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद अब कुल चोरी की संख्या 26 तक पहुंच गई है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने गोदाम की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आराम से सिलेंडरों को बाहर निकालकर फरार हो गए। वारदात के दौरान आसपास किसी को भनक तक नहीं लगी, जिससे यह अंदेशा जताया जा रहा है कि चोरों ने पहले से पूरी रेकी कर रखी थी। चोरी हुए सिलेंडरों की कीमत करीब 90 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है।

### स्थानीय लोगों में नाराजगी

करंट क्राइम : इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बेहद कमजोर हो गई है। रात के समय न तो पुलिस गश्त दिखाई देती है और न ही किसी तरह की निगरानी, जिसका फायदा उठाकर चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों का आरोप है कि पहले हुई चोरी के बाद भी पुलिस ने सख्ती नहीं दिखाई, जिससे अपराधियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं। लगातार एक ही स्थान को निशाना बनाया जाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील माने जाने वाले गैस गोदाम तक में सेंध लगना यह दर्शाता है कि इलाके में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीरता की जरूरत है।

### गैस की हाई डिमांड बन रहा है चोरी की वजह

करंट क्राइम : स्थानीय लोगों का मानना है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की बढ़ती मांग और संभावित किल्लत के चलते इस तरह की चोरियां बढ़ रही हैं। चोरी किए गए सिलेंडरों को अवैध रूप से बेचने या काले बाजारी में खपाने की आशंका भी जताई जा रही है। वहीं यह घटना पुलिस के लिए चेतावनी है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में इस तरह की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

## 16,663 अपराधियों का हुआ एक साल में सत्यापन, 5564 के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई बीएनएसएस की धारा-129 से अपराध पर भी लगाम, कमिश्नरेट पुलिस को मिला बड़ा सहारा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार सख्त रणनीति पर काम कर रहा है। इसी कड़ी में बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) की धारा 129 का प्रभावी इस्तेमाल करते हुए आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर चल रही इस कार्रवाई से न सिर्फ अपराधियों की गतिविधियों पर रोक लगी है, बल्कि समाज में सुरक्षा का माहौल भी मजबूत हुआ है। पुलिस द्वारा बीते लगभग एक वर्ष में बड़े स्तर पर अभियान चलाते हुए 16,663 अपराधियों का सत्यापन किया गया है। इस दौरान अपराधियों का विस्तृत डेटा तैयार किया गया, जिसमें उनके आपराधिक इतिहास, पारिवारिक जानकारी, निवास, संबंधित थाना क्षेत्र और जेल से जुड़े रिकॉर्ड शामिल हैं। इसके साथ ही 5,564 अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई भी की गई है।

धारा-129 के तहत की जा रही कार्रवाई का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जिन अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है, वे लगातार कानूनी प्रक्रियाओं में उलझे रहते हैं। उन्हें अधिकारियों और न्यायालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे उनके ऊपर मनोवैज्ञानिक दबाव बनता है और वे दोबारा अपराध करने से बचते हैं।

### क्राइम कंट्रोल पर मिल रहा है लाभ

करंट क्राइम : इसके अलावा, इन अपराधियों के जमानतदारों और परिजनों पर भी सामाजिक जिम्मेदारी का दबाव बनता है। पुलिस द्वारा लगातार निगरानी और नोटिस भेजे जाने के कारण अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बाउंड डाउन की प्रक्रिया के जरिए उन्हें भविष्य में अपराध न करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद इस तरह की निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी आई है, जिसका सीधा लाभ अपराध नियंत्रण के साथ-साथ सामाजिक सुधार के रूप में भी सामने आ रहा है। पुलिस का मानना है कि यह रणनीति आगे भी अपराध पर अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभाएगी। इस मामले में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद बीएनएसएस की धारा-129 का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। इससे न केवल अपराधियों पर नियंत्रण स्थापित हुआ है, बल्कि कई लोग अपराध से दूरी बनाने लगे हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ कार्रवाई करना नहीं, बल्कि समाज में सुधार और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है।

## आज के कार्यकर्ताओं को लेनी चाहिए पूर्व विधायक राम नरेश रावत से ये सीख मंच पर माईक संभाला और पार्टी विचारधारा का महत्व सधे शब्दों में बता डाला








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में विचारधारा सर्वोपरि होती है। राजनीतिक लोग सिद्धान्त से कभी समझौता नहीं करते और एक अनुशासित मर्यादित तरीके से अपने राजनीतिक कैरियर को संतुलित रखते हैं। पार्टी ने जो दिया उसका आभार व्यक्त है और पार्टी ने अगर रेस्ट मोड में रखा है तो भी पार्टी के इतर जाकर कोई बयान नहीं देंगे। पूर्व विधायक राम नरेश रावत का राजनीतिक जीवन इसी की मिसाल है। जो लोग राम नरेश रावत को जानते हैं वो उनकी शैक्षिक योग्यता, पारिवारिक पृष्ठभूमि और उनके सिद्धान्तवादी जीवन शैली को भी जानते हैं। राम नरेश रावत गढ़ क्षेत्र से विधायक रहे हैं और वो एक ऐसे राजनीतिक शख्सियत के रूप में गिने जा सकते हैं जिन्होंने एक बार खुद टिकट से इंकार किया। जनादेश का सम्मान किया और ये एक मिसाल उन लोगों के लिए है जो टिकट ना मिलने पर नाराज होकर घर बैठ जाते हैं। कई बार जाने अंजाने में कठोर शब्दों वाले बयान देने लगते हैं। लेकिन ये इतिहास में दर्ज है कि पूर्व विधायक राम नरेश रावत ने कभी भी पार्टी प्रोटोकॉल से इतर जाकर ना कभी बयान दिया और ना कभी कोई ऐसा काम किया। ये मिसाल उन कार्यकर्ताओं के लिए भी है जो अल्प समय में ही कुछ बड़ा चाहते हैं और ना मिलने की अवस्था में उनके लहजे बदल जाते हैं। पूर्व विधायक राम नरेश रावत आज भी पूरी तरह से एक्टिव हैं और कार्यकर्ता भाव के साथ काम करते हैं। इसकी मिसाल हापुड़ में स्थापना दिवस पर दिखाई दी। पूर्व विधायक राम नरेश रावत मंच पर आये और उन्होंने अपन संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल हो वो अपनी विचारधारा के साथ जीवित रहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और यही इसकी जीत का सबसे बड़ा राज है। अगर पार्टी का कैडर बचा रहेगा तो पार्टी बढ़ेगी। किसी भी पार्टी के आगे बढ़ने का राज उसके कार्यकर्ता होते हैं। किसी भी देश में पार्टी के आगे बढ़ने का राज यही होता है कि उसकी विचारधारा विकसित हो। पार्टी की विचारधारा हमेशा बड़ी होती है। व्यक्ति बड़े नहीं होते विचारधारा बड़ी होती है। भाजपा इसीलिए बड़ी पार्टी है क्योंकि ये भारतीय विचारधारा की पार्टी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विचारधारा से ही आगे बढ़ा जाता है। पूर्व विधायक राम नरेश रावत की इस बात पर देर तक तालियां बजती रहीं। वो पार्टी के सीनियर नेता हैं और उन्होंने विचारधारा की महत्ता को बताया। उन्होंने भारतीयता शब्द पर जोर दिया और ये भी बताया कि किसी भी पार्टी को आगे बढ़ाने का काम उसके कार्यकर्ता करते हैं। कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा से जुड़कर चलते हैं। पूर्व विधायक राम नरेश रावत के इस अंदाज पर इन शब्दों पर सभी लोग उनकी प्रशंसा करते नजर आये। कार्यकर्ताओं के लिए ये एक नसीहत भी थी जब पूरा सियासी जीवन भाजपा को समर्पित करने वाले रामनरेश रावत ने कार्यकर्ता की महत्ता बताई। गौरतलब है कि राम नरेश रावत इसलिए भी एक मिसाल हैं कि उन्होंने गढ़ क्षेत्र में जाकर भाजपा उम्मीदवार को चुनाव भी लड़वाया और पार्टी को जीत भी दिलाई। स्थापना दिवस पर ऐसे वरिष्ठ नेता का कार्यकर्ता भाव वास्तव में एक संदेश लिए हुए था। जितने भी कार्यकर्ताओं ने उन्हें सुना वो उनकी प्रशंसा करते दिखाई दिये।

## ऑपरेशन प्रहार को मिला क्रिकेटर सुरेश रैना का समर्थन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन प्रहार को अब जनसमर्थन मिलने लगा है। इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा लगातार युवाओं और छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में गाजियाबाद निवासी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने भी ऑपरेशन प्रहार का समर्थन करते हुए एक वीडियो जारी किया है। रैना ने अपने वीडियो संदेश में गाजियाबाद पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ चलाया जा रहा यह अभियान बेहद प्रशंसनीय है और समाज के लिए सकारात्मक बदलाव लाने वाला है।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करें। रैना ने कहा कि पुलिस का यह प्रयास समाज को सुरक्षित और जागरूक बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।



## भाजपा के स्थापना दिवस पर पीएम मोदी का भविष्य का रोडमैप

# यूसीसी और एक देश-एक चुनाव पर भाजपा का रहेगा फोकस

**स्थापना दिवस**

**देश जानता है, हर चुनौती का सामना करने के लिए भाजपा ईमानदारी से कोशिश कर रही है : मोदी**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल और कांग्रेस के शासनकाल के दमन से लेकर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में राजनीतिक हिंसा तक हर तरह की कठिनाइयों का सामना किया है, ताकि पार्टी को मजबूत किया जा सके और राष्ट्र की सेवा की जा सके।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "देश जानता है, हर चुनौती का सामना करने के लिए भाजपा ईमानदारी से कोशिश कर रही है, है, आगे भी करेगी। पहले भी सकारात्मक नतीजे मिले हैं और आगे भी मिलेंगे।"

पीएम मोदी ने कहा, "अंग्रेजों के दौर के सैकड़ों काले कानूनों का अंत, लोकतंत्र के लिए नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य समाज के गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण, कानून बनाकर तीन तलाक पर रोक, सीएए, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण ऐसे कितने ही काम हैं, जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का नतीजा हैं।"

## तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर जताई चिंता

**हैदराबाद।** हैदराबाद में 74वें बीएन मुल्लिक मेमोरियल ऑल इंडिया पुलिस फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 के समापन समारोह में, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि शिक्षित युवाओं में नशे की आदतें बढ़ रही हैं, और समाज को इस पर ध्यान देना चाहिए। रेड्डी ने कहा कि युवा अब खेल और स्वस्थ गतिविधियों से दूर जा रहे हैं, जिससे समाज में समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने चेताया कि ड्रग्स और साइबर अपराध पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती हैं। सीएम ने कहा कि सरकार युवाओं को खेलों की ओर लाने और नशे तथा पब कल्चर से दूर रखने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि यंग इंडिया स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित की जा रही है, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ी और ओलंपिक में भारत की स्थिति सुधारी जा सके। रेड्डी ने युवा खिलाड़ियों और समाज से आग्रह किया कि वे खेलों और स्वस्थ गतिविधियों को अपनाएं और नशे की तरफ न जाएं।

## 'सरकार का रवैया कोरोना महामारी जैसा', राहुल गांधी ने एलपीजी संकट को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

**आरोप**

**मोदी ने एलपीजी गैस संकट से उसी तरह निपटा है, जैसे उन्होंने कोविड-19 महामारी से निपटा था**




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव चल रहा है। अब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। इसी बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एलपीजी गैस संकट से उसी तरह निपटा है, जैसे उन्होंने कोविड-19 महामारी से निपटा था। उन्होंने आगे कहा कि क्योंकि यह नीति से रहित, केवल बड़ी-बड़ी घोषणाओं से भरा है। इसका पूरा बोझ गरीबों पर डाल दिया है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सवाल उठाया कि हर संकट में सबसे पहले गरीब ही क्यों मरते हैं? वहीं, लोगों से चुप न रहने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने एक्स के एक पोस्ट में कहा, "मोदी जी ने कहा था 'हम एलपीजी गैस संकट को उसी तरह संभालेंगे जैसे हमने कोविड को संभाला था।' और वास्तव में, उन्होंने ठीक वैसा ही किया। बिल्कुल कोविड की तरह - नीति का अभाव, बड़ी-बड़ी घोषणाओं से भरा हुआ, और सारा बोझ गरीबों पर डाल दिया गया।₹ उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 500-800 रुपये की मजदूरी कमाने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए खाना पकाने की गैस पूरी तरह से महंगी हो गई है। उन्होंने कहा कि रात में घर लौट रहे एक मजदूर के पास चूल्हा जलाने के लिए भी पैसे नहीं होते।

उन्होंने आरोप लगाया कि ₹परिणाम क्या हुआ? शहर छोड़कर गांव भाग जाना। कपड़ा मिलों और कारखानों की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले मजदूर आज खुद टूटने की कगार पर हैं। उन्होंने आगे कहा, ह्वस्त्र क्षेत्र पहले से ही आईसीयू में है।

# महंगे एलपीजी सिलिंडर ने बिगाड़ा छात्रों का बजट



**संकट**

**छात्रों की तैयारी पर भी पड़ा असर, दिल्लीवाले पीएनजी की ओर**

**नई दिल्ली।** एलपीजी सिलिंडर की बढ़ती कीमतों का असर अब दूसरे राज्यों से दिल्ली आकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों पर पड़ रहा हैं। सीमित बजट में जीवन यापन करने वाले इन छात्रों के लिए अब न सिर्फ महंगा गैस सिलिंडर खरीदना मुश्किल हो गया है, बल्कि समय पर सिलिंडर न मिलना भी उनकी दिनचर्या को प्रभावित कर रहा है।

**गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोगों की थाली पर असर साफ दिखाई देने लगा है।**

मुखर्जी नगर, कटवारिया सराय, लक्ष्मी नगर और साकेत समेत कई इलाकों में रहने वाले छात्र सिलिंडर की बढ़ी कीमतों से परेशान हैं। यूपीएससी और एसएससी अभ्यर्थियों के अनुसार, बुकिंग के बाद भी सिलिंडर 5 से 7 दिन की देरी से मिल रहा है। ऐसे में उन्हें या तो महंगे दामों पर प्राइवेट सप्लायर से सिलिंडर लेना पड़ रहा है या फिर अस्थायी विकल्पों पर निर्भर होना पड़ता है। बिहार से आकर मुखर्जी नगर में तैयारी कर रहे छात्र रवि ने बताया कि सिलिंडर खत्म होने के बाद उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ा। इस दौरान उन्होंने बाहर खाना खाया, जिससे उनका खर्च दोगुना हो गया। वहीं, राजस्थान से आए अन्य छात्र मनोज ने बताया कि कुछ स्थानीय विक्रेता मौके का फायदा उठाकर सिलिंडर ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं।

**पढ़ाई और बजट दोनों पर असर :** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अधिकांश छात्र पहले से ही सीमित संसाधनों में जीवन यापन करते हैं। गैस की बढ़ती कीमत और आपूर्ति में अनियमितता ने उनके मासिक बजट को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। कई छात्र अब खाना बनाने के बजाय सस्ते ढाबों या टिफिन सेवाओं पर निर्भर हो रहे हैं, जो लंबे समय में उनकी सेहत पर असर डाल रहा है। छात्रों के अनुसार, यह समस्या केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक तनाव का कारण भी बन रही है। पढ़ाई के महत्वपूर्ण समय में रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर चिंता उनकी एकाग्रता को प्रभावित कर रही है।

### विकल्प तलाशने को मजबूर छात्र

स्थिति से निपटने के लिए कुछ छात्र इंडक्शन चूल्हा, इलेक्ट्रिक कुकर और साझा रसोई जैसे विकल्प अपना रहे हैं। हालांकि, बिजली के बढ़ते बिल और उपकरणों की लागत के कारण ये विकल्प भी सभी के लिए आसान नहीं हैं। कई छात्र मिलकर एक ही सिलिंडर का उपयोग कर रहे हैं, ताकि खर्च को बांटा जा सके। वहीं, गैस की बढ़ती कीमत और आपूर्ति की समस्या का असर स्थानीय खाद्य बाजार पर भी साफ दिख रहा है। ढाबों और छोटे रेस्तरां को भी समय पर सिलिंडर नहीं मिल पा रहा, जिससे लागत बढ़ रही है। यही वजह है कि खाने-पीने की चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

## दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में सेंध वीआईपी गेट तोड़कर घुसी कार

**सुरक्षा में सेंध**

**कार से नकाबपोश निकला उसने विधानसभा अध्यक्ष की गाड़ी पर कुछ फेंका और फरार हो गया**



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में सोमवार को सुरक्षा में चूक का बड़ा मामला सामने आया है। एक अज्ञात कार गेट तोड़कर परिसर में घुस गई और फिर भाग निकली।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है यह घटना विधानसभा के गेट नंबर दो पर हुई है। जब एक कार अचानक वहां पहुंची और सुरक्षा बैरियर तोड़ दिया। पुलिस अभी मौके पर है, वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

**बैरियर तोड़ते हुए घुसी कार और अंदर से निकला नकाबपोश :** शुरूआती जानकारी के अनुसार, विधानसभा के गेट नंबर-2 यानी कि वीआईपी गेट से एक कर घुसी।

इसके बाद कार वहां गेट पर लगे बूम बैरियर को तोड़ते हुए आगे बढ़ गई और उसमें से नकाबपोश निकला उसने विधानसभा अध्यक्ष की गाड़ी पर कुछ फेंका और उसके बाद फरार हो गया।

## 'सत्ता में बने रहने के लिए एलडीएफ और भाजपा के बीच समझौता', प्रियंका गांधी वाड्रा का आरोप

**आरोप**

**एलडीएफ ने उस भाजपा से समझौता किया है जो अल्पसंख्यकों को परेशान करती है**



**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को केरल के कन्नूर में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ ने भाजपा के साथ समझौता कर लिया है। प्रियंका ने कहा कि एलडीएफ 10 साल तक सत्ता में बने रहने के लिए अपनी विचारधारा और जिम्मेदारी से समझौता कर रही है।

वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी ने पेरावूर में कहा कि एलडीएफ ने उस भाजपा से समझौता किया है जो अल्पसंख्यकों को परेशान करती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ईसाई समुदाय और उनकी नन को परेशान करती है, फिर भी एलडीएफ उनके साथ है। प्रियंका ने सबरीमाला में हुई चोरी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर एक शब्द भी नहीं बोला। उनके अनुसार, यह चुप्पी दोनों पार्टियों के बीच समझौते का बड़ा सबूत है।

प्रियंका गांधी ने केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब भी कोई प्रधानमंत्री के खिलाफ आवाज उठाता है, तो उसे सीबीआई, ईडी या इनकम टैक्स के मुकदमों का सामना करना पड़ता है।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की दर्दनाक मौत

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर दो ट्रकों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार तड़के एनएच 16 पर दहिसादा के पास सड़क किनारे खड़ी झारखंड में पंजीकृत एक ट्रक में खराबी आ गई थी, तभी उत्तर प्रदेश के पंजीकरण नंबर वाली स्टील शीट से लदी एक लॉरी ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रात करीब एक बजे हुई। टक्कर के कारण चलते ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने बताया कि ट्रक के केबिन के अंदर मौजूद तीन लोग कुचल गए।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और माना जा रहा है कि वे उत्तर प्रदेश के निवासी थे, क्योंकि वाहन उत्तर प्रदेश से आ रहा था। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## हाईवे पर मवेशियों की आवाजाही रोकने की मांग



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देशभर के राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा मवेशियों की आवाजाही रोकने के लिए दायर याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। याचिका में प्राधिकरणों को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे हाईवे पर मवेशियों के प्रवेश को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक दिशानिर्देश तैयार करें और उन्हें सख्ती से लागू करें।

लॉयर्स फॉर ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल' नामक संगठन द्वारा दायर इस याचिका में विशेष रूप से दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे की अनिवार्य घेराबंदी (फेंसिंग) की मांग की गई है।

# बीमा के रुपयों के लिए बीवी और बच्चे का कत्ल

**मर्डर**

**नशीली गोली खिलाकर किया था महिला सिपाही को बेहोश, फिर फूंक दी थी कार**



**रामपुर।** रामपुर के गंज क्षेत्र में महिला सिपाही और उसके बेटे की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामले में महिला सिपाही के पति दान सिंह सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह हत्या बीमा की धनराशि हड़पने के लिए की गई थी।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि श्रावस्ती में तैनात सिपाही लता और उसके बेटे लड्डू 25 फरवरी को कार में आग लगने से मौत हो गई थी। गंज क्षेत्र में हुई इस घटना में पति दान सिंह घायल हो गया था। शुरूआती जांच में इसे हादसा माना गया, लेकिन बाद में यह एक सोची-समझी साजिश निकली।

जांच में सामने आया कि दान सिंह ने ही पत्नी लता की हत्या की थी। हत्या से पहले उसने पत्नी को नशीली गोली खिलाकर बेहोश कर दिया था। बेहोशी की हालत में उस पर हथौड़ी से हमला किया गया। इसके बाद कार में आग लगा दी गई, जिससे मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। दान सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार, दान सिंह का मुख्य मकसद पत्नी की मौत के बाद मिलने वाली बीमा धनराशि को हड़पना था।

## डॉ. मणि छेत्री का 106 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली।** प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. मणि छेत्री का 106 वर्ष की आयु में उनके आवास पर निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उन्हें लगभग दो सप्ताह पहले गिरने के बाद सिर में चोट लगी थी और अस्पताल से घर लौटने के बाद से वह ज्यादातर बिस्तर पर ही थे। परिवार के एक सदस्य ने बताया, अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनमें सुधार के लक्षण दिखाई दिए थे, लेकिन पिछले कुछ दिनों में उनकी हालत धीरे-धीरे बिगड़ती चली गई। 23 मई, 1920 को दार्जिलिंग में जन्मे छेत्री ने उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने से पहले 1944 में एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त की। बाद में वे भारत लौट आए और एक हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में एक विशिष्ट करियर बनाया। इस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें व्यापक मान्यता मिली।



## शराब घोटाला मामला: केजरीवाल की याचिका पर सीबीआई को नोटिस

**याचिका**

**मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट में 13 अप्रैल को होगी**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को हाईकोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। उन्होंने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को एक मामले की सुनवाई से हटाने की मांग की। यह मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका से संबंधित है। मामले की सुनवाई 13 अप्रैल को होगी।

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने शराब नीति मामले में केजरीवाल और अन्य सभी आरोपियों को बरी किए जाने को चुनौती दी है। जस्टिस शर्मा ने केजरीवाल की अर्जी को रिकॉर्ड पर लिया और सुनवाई के लिए तारीख तय की। केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए।

**'अदालत नाटक का मंच नहीं' :** उन्होंने कहा कि अदालत नाटक का मंच नहीं है। मेहता ने केजरीवाल की अर्जी का कड़ा विरोध किया। उन्होंने केजरीवाल के आरोपों को तुच्छ और अवमाननापूर्ण बताया। मेहता ने यह भी बताया कि सात अन्य बरी हुए आरोपियों ने भी जज को हटाने की अर्जी दी है। जस्टिस शर्मा ने कहा कि यदि कोई और अर्जी देना चाहता है तो दे सकता है, ताकि वह एक बार में फैसला कर सकें।

27 फरवरी को ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और 21 अन्य को बरी कर दिया था।

## सेहत की बात: दवाएं बेअसर होने पर प्रभावी है नई तकनीक

**स्वास्थ्य**

**जागरूकता वाकथॉन में दी गई जरूरी जानकारी**



**लखनऊ।** पार्किंसंस की बीमारी में दवाएं बेअसर होने पर नई तकनीक से नियंत्रण किया जा सकता है। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) का इस्तेमाल करते हुए अब तक 10 मरीजों को राहत मिल चुकी है। लखनऊ में गोमती नगर के लोहिया पार्क में आयोजित पार्किंसंस जागरुकता वाकथॉन में पीजीआई में न्यूरोलॉजी विभाग की प्रो. रुचिका टंडन ने ये जानकारी दी।

प्रो. रुचिका टंडन ने बताया कि न्यूरोलॉजिकल बीमारी पार्किंसंस दिमाग के उस हिस्से को प्रभावित करती है, जो शरीर की हरकतों को नियंत्रित करता है। इस बीमारी में दिमाग में डोपामिन नामक रसायन कम बनता है। इससे शरीर की गतिविधियां प्रभावित होती हैं।

इस बीमारी की वजह से हाथ, पैर या शरीर में कंपन, चलने-फिरने में धीमापन, मांसपेशियों में जकड़न और संतुलन बनाने में कठिनाई शामिल है। अवसाद, चिंता, नींद की समस्या और कुछ मामलों में याददाश्त में कमी भी बीमारी के लक्षण हैं। डॉ. अमृता मोर और डॉ. प्रदीप गुप्ता ने बताया कि पार्किंसंस के मरीज शारीरिक ही नहीं, मानसिक तनाव का भी सामना करते हैं।

## शरद पवार और अठावले समेत राज्यसभा के नए सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** एनसीपी-एससीपी नेता शरद पवार और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले सहित राज्यसभा के 19 नए सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। राज्यसभा अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में शपथ ली गई। राज्यसभा कक्ष में आयोजित समारोह के दौरान उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे। सदन में संबंधित दलों के सदन नेता भी उपस्थित थे। नव निर्वाचित सदस्यों में महाराष्ट्र से पांच, तमिलनाडु से छह, पश्चिम बंगाल से पांच और ओडिशा से तीन सदस्य शामिल थे। महाराष्ट्र में भाजपा इकाई की माया चिंतामन इवानते ने सबसे पहले शपथ ली, उसके बाद पवार ने शपथ ली, जो व्हीलचेयर पर पहुंचे थे। रामराव सखाराम वडकुटे (भाजपा), ज्योति नागनाथ वाघमारे (एसएस) और अठावले (आरपीआई-ए) ने भी सदस्यों के रूप में शपथ ली। मनमोहन सामल (भाजपा), सनरप्ट मिश्रा (बीजेडी) और दिलीप कुमार राय (निर्दलीय) ने ओडिशा से सदस्य के रूप में शपथ ली।

# राज्य के हरिपाद जिले में अमित शाह का रोड शो

**रोड शो**

**एनडीए प्रत्याशी संदीप वाचस्पति के लिए किया प्रचार**



**हरिपाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के हरिपाद जिले में एक विशाल रोड शो किया। उन्होंने आगामी नौ अप्रैल को होने वाले केरल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एनडीए उम्मीदवार संदीप वाचस्पति के लिए प्रचार किया।

रोड शो में सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें से कई ने पार्टी की टोपी पहन रखी थी और भाजपा के झंडे लिए हुए थे। समर्थकों ने नारे लगाए और शाह तथा वाचस्पति के कट-आउट लहराए। यह रोड शो गांधी चौक से शुरू होकर हरिपाद के प्रमुख क्षेत्रों से गुजरा। बारिश के बावजूद भीड़ उत्साहित बनी रही। शाह ने रास्ते भर समर्थकों का अभिवादन किया। हरिपाद विधानसभा सीट पर कड़ा त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है।

कांग्रेस ने मौजूदा विधायक और वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला को फिर से मैदान में उतारा है।

वहीं, सत्तारूढ़ एलडीएफ ने सीपीआई उम्मीदवार टी टी जिस्मोन को टिकट दिया है। एनडीए के संदीप वाचस्पति भी इस सीट पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।

## अधिवक्ता समीर हत्याकांड: तीन दोषियों को फांसी 10 लाख का जुर्माना, एक को सात साल की सजा

**फैसला**

**अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/फास्ट ट्रैक के पीठासीन अधिकारी रवि कुमार दिवाकर ने फैसला सुनाया**



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर शहर कोतवाली क्षेत्र के अधिवक्ता समीर सैफी (28) की अपहरण के बाद हत्या के मामले में अदालत ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। एक दोषी को सात साल की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-तीन के पीठासीन अधिकारी रवि कुमार दिवाकर ने फैसला सुनाया।

शहर के लद्दावाला से 15 अक्तूबर 2019 की शाम संदिग्ध हालात में अधिवक्ता समीर सैफी गायब हो गए थे। इसके बाद 19 अक्तूबर को भोपा क्षेत्र के सीकरी में शव बरामद हुआ था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि 40 लाख के लेन-देन के विवाद में अधिवक्ता का अपहरण कर हत्या की वारदात अंजाम दी गई थी। वादी अजहर ने मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने बकरा मार्केट निवासी सोनू उर्फ रिजवान, सिंगोल अल्वी, शालू उर्फ अरबाज एवं भोपा के सीकरी निवासी दिनेश के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया।

अभियोजन पक्ष की ओर से छह गवाह अदालत में पेश किए। शनिवार को आरोपियों पर दोष सिद्ध हुआ था। अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए सोनू उर्फ रिजवान, सिंगोल अल्वी, शालू उर्फ अरबाज को फांसी की सजा सुनाई। चौथे आरोपी दिनेश को सात साल की सजा सुनाई गई।

**क्या था मामला :** पुलिस ने खुलासा किया था कि समीर का आरोपियों के साथ करीब 40 लाख रुपये के लेन-देन का हिसाब था। मृतक अपने रुपये मांग रहा था लेकिन आरोपियों ने देने से मना कर दिया और हत्या की साजिया रची। शहर से कार में ले जाकर भोपा क्षेत्र के सीकरी फार्म पर रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को मिट्टी में दबा दिया।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत किया गया है कि मृतक मोहम्मद समीर एडवोकेट नही था, क्योंकि वह निजी व्यापार भी करता था। इस पर अभियोजन की ओर से तर्क प्रस्तुत किया गया कि यह बात सही है कि समीर एडवोकेट पूर्व में निजी व्यापार भी करता था और नया-नया बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में रजिस्ट्रेशन कराकर अधिवक्ता नियुक्त हुआ था।

07 April -26 page 3 06-04-26 10:30 PM Page 1



**करंट क्राइम** — **ट्वीट का करंट**

**ठाकुर अर्चना सिंह**
23m ·

थोड़ा डुबूंगी मगर मैं फिर तैर आऊंगी
ऐ जिंदगी तू देख मैं फिर जीत जाऊंगी



# आज मेरठ में अहम बैठक, पश्चिम उत्तर प्रदेश की विधानसभाओं में जातिगत समीकरण को समझेगी बसपा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2017 विधानसभा चुनाव में पश्चिम क्षेत्र में स्थिति की समीक्षा करने के लिए आज यानी मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी की मेरठ में मंडल स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी व पूर्व सांसद मुनकाद अली करेंगे। इस बैठक में पश्चिम क्षेत्र के सभी जिलों के अध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्षों को बुलाया गया है। सभी जिला एवं महानगर अध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में तैयारी की रिपोर्ट लेकर बैठक में शामिल होंगे। सूत्रों के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर इस समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक से पहले पश्चिम क्षेत्र प्रभारी पूर्व सांसद मुनकाद अली ने विधानसभा क्षेत्र में जाकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों को मौके पर देखा। पिछले शनिवार को वे मुरादनगर विधानसभा में आए थे जहां जिला अध्यक्ष मनोज जाटव के साथ उन्होंने विधानसभा प्रभारी से तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान मुनकाद अली ने कार्यकताओं के साथ गुफ्तगू की। मंगलवार को मेरठ में आयोजित होने वाली इस मंडल स्तरीय बैठक में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जातिगत आधार पर तैयारी की समीक्षा की जाएगी। बसपा सूत्रों के अनुसार पार्टी 2007 के चुनावी फामूर्ले पर 2027 की रणनीति तैयार कर रही है। पार्टी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जातिगत आंकड़े को इकट्ठा कर रही है।

ताकि यह पता लग सके कि कौन से विधानसभा क्षेत्र में कौन सी जाति ज्यादा प्रभावी है। पार्टी इस जाति से प्रत्याशी तलाश करने का काम करेगी। बसपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी के पास 22% वोट अनुसूचित जाति जनजाति के है, ऐसे में अगर दूसरी जाति का विधानसभा क्षेत्र में प्रभाव होगा तो पार्टी को इसका पूरा लाभ मिलेगा। 2007 के चुनाव में पार्टी ब्राह्मणों के साथ मुस्लिम समुदाय को भी अपने साथ जोड़ने में कामयाब हुई थी। जिस कारण विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में जातिगत आधार पर प्रत्याशी का चयन किया गया था। मसलन जिस विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या ज्यादा है, पार्टी वहां ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने की रणनीति बना रही है। अगर किसी विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या ज्यादा है तो बहुजन समाज पार्टी वहां मुस्लिम प्रत्याशी उतारेगी। इसी जातिगत आधार पर एकत्र किए गए आंकड़ों पर समीक्षा के लिए मेरठ में मंगलवार को बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में पश्चिम क्षेत्र के गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, गौतम बुद्ध नगर, सहारनपुर, बागपत मुजफ्फरनगर, शामली, बिजनौर जैसे जिलों के जातिगत आधार पर गणित को समझा जाएगा। बसपा सूत्रों का कहना है कि बहुत पार्टी विधानसभा चुनाव के 6 महीने पहले ही प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी ताकि प्रत्याशियों के पास प्रचार और लोगों से जनसंपर्क करने का समय मिल सके। सूत्रों का कहना है कि मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक को आने वाले समय में और भी आयोजित किए जाएंगे और इन बैठकों सभी जिलों के जातिगत समीकरण को समझा जाएगा। बसपा सूत्रों ने बताया कि 2027 में ब्राह्मणों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में टिकट देने की रणनीति अपनाई जाएगी। 2007 के चुनाव में बसपा ने अप्रत्याशित तरीके से सबसे अधिक ब्राह्मणों को टिकट दिया था जिसमें सबसे ज्यादा संख्या में ब्राह्मण बसपा से चुने गए थे। बसपा की सरकार में ब्राह्मणों को बहुत प्रतिनिधित्व दिया गया था। 2027 के चुनाव में भी यही रणनीति अपनाई जाएगी। बसपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने विधानसभा क्षेत्र में प्रभावी नेताओं को अपनी ओर करने की कोशिश से तेज कर दी है। विधानसभा चुनाव से पहले विधानसभा क्षेत्र में प्रभावी नेता बसपा में शामिल हो सकते हैं।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर क्यों चल रहा था भाजपा का मीडिया वाला सिस्टम काफी स्लो

## इन्वीटेशन से लेकर इन्फोर्मेशन तक नहीं दिखाई दे रहा था सिस्टम वाला फ्लो

**स्लो प्रबंधन**

**“ स्थापना दिवस पर भाजपा के मीडिया सेल की सुस्ती चर्चा बनी चर्चा का विषय**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसी भी राजनीतिक दल में एक तंत्र होता है जो पूरी तरह चुस्त होकर मीडिया के साथ कॉर्डिनेशन बिठाता है। ये तंत्र मीडिया सेल कहलाता है और इसका अपना एक महत्व होता है। महत्व ये है कि हर राजनीतिक दल में प्रवक्ता होते हैं जो पार्टी के दृष्टिकोण को जनता के बीच नहीं मीडिया के बीच आकर रखते हैं और फिर वो दृष्टिकोण वो सूचना मीडिया के जरिए जनता तक पहुंचती है। हर दल में मीडिया प्रभारी होते हैं। मीडिया कोर्डिनेशन की बात करें तो भाजपा इस मामले में सबसे आगे है। भाजपा मीडिया के साथ कोर्डिनेशन बिठाती है वो सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती है और ये भाजपा की सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। अब बात उस शहर की जिसे भाजपा का गढ़ माना जाता है जहां सबसे बड़ा जनादेश भाजपा को मिलता है। जहां बड़ी वाली पंचायत से लेकर सबसे छोटी पंचायत तक भाजपा काबिज है।

जाहिर है कि इस महत्वपूर्ण प्रकोष्ठ को देखने वाले चेहरे जिम्मेदार ही होते होंगे। भाजपा का मीडिया के साथ तालमेल जबरदस्त बताया जाता है। ये भाजपा का एक सिस्टम है जहां खबरें सूचनाएं सबकुछ मीडिया सेल और मीडिया के बीच अपडेट रहती है। ये परम्परा पहले से है और पार्टी का कोई भी कार्यक्रम हो तो उसकी सूचना विधिवत रूप से मीडिया सेल के जरिए आयेगी। प्रदीप चौधरी इसके सबसे बड़े उदाहरण है अब वो नामित पार्षद हैं। लेकिन जब उन्होंने भाजपा मीडिया सेल देखा तो एकदम अपडेट सिस्टम रहा। पहले मीडिया के पास सूचना आयेगी। फिर फोन पर सूचना को अपडेट कराया जायेगा। इसके बाद रिमाइंडर होगा और फिर प्रेसनोट आ जायेगा। फिर प्रेसनोट को अपडेट किया जायेगा। कहने का अर्थ ये कि ये किसी एक व्यक्ति का नही बल्कि भाजपा का सिस्टम है और जिस भी व्यक्ति को यह दायित्व दिया जाता है तो वो इसे इस फार्मेट के तहत चलाते हैं। ये पार्टी का भी नियम है। सूचना देना निमंत्रण देना और फिर रिमाईंडर के साथ प्रेसनोट और फिर उसे अपडेट करना। यही परिपाटी है और यही वो सिस्टम है जिसके तहत भाजपा अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखती है। वो समाचार पत्रों से लेकर टीवी चैनल तक अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं से लेकर पार्टी के आयामों में मजबूत नजर आती है। गाजियाबाद की बात करें तो ये सिस्टम किसी एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि परम्परा पर चला है। यहां अश्वनी शर्मा ने जब पार्टी का मीडिया संभाला तो वो भी पूरी तरह अपडेट रहे। इससे पहले राजीव अग्रवाल भी इसी सिस्टम को मजबूती के साथ देखते रहे है। सचिन सोनी ने भी ये दायित्व संभाला है। भाजपा का ये प्रकोष्ठ सबसे अहम प्रकोष्ठ है लेकिन अब लगता है कि ये मान्यताएं अब टूट रही है। इसकी बानगी भी किसी सामान्य कार्यक्रम में नहीं बल्कि पार्टी के स्थापना दिवस पर देखने को मिली। पार्टी का महत्वपूर्ण कार्यक्रम और इसकी सूचना मीडिया तक ही नहीं थी। हो सकता है किसी को सूचना हो किसी को ना हो। लेकिन पार्टी का सिस्टम तो एक क्लिक वाला है। तो फिर एक क्लिक में सब क्यों नहीं आये।

क्या मीडिया सेल द्वारा बुलाये नहीं गये। ये मंथन और चिंतन का विषय संगठन के लिए है। उसने जिन चेहरों को ये जिम्मेदारी दी है क्या वो चेहरे गंभीरता के साथ अपनी जिम्मेदारी को पूरा कर रहे है। आखिर अब ऐसा क्या है कि अब वो सिस्टम नहीं दिख रहा है। वर्तमान के मीडिया प्रभारियों की बात करें तो नीरज शर्मा मीडिया संयोजक हैं। यहां करण शर्मा सह संयोजक है और पूर्व पार्षद साक्षी नारंग भी सह संयोजक है। तीन चेहरे और सीन ये कि सूचना को लेकर कन्फ्यूजन रहा। सोशल मीडिया वाले अलग हैं। लेकिन ऐसा क्या है कि ये सभी संयोजक और सह संयोजक मीडिया के साथ संयोजन ही नहीं बना पा रहे हैं। क्या नए दायित्व के सिस्टम से अपडेट नहीं है। अगर ऐसा है तो महानगर संगठन को संयोजको की कार्यशाला आयोजित करनी चाहिए। ये संगठन का काम है और संगठन के कार्यक्रम की सूचनाएं मीडिया तक नहीं होंगी तो जनता के बीच मजबूत संदेश कैसे जायेगा। बहरहाल स्थापना दिवस जैसे कार्यक्रम पर भाजपा के मीडिया सेल की ये सुस्ती चर्चा का विषय बनी हुई है।

# क्यों गूंज रहा है शहर की सियासत में टॉयलेट पर ताले का किस्सा

## क्या चिंतन वाली मीटिंग में हो गई हॉट-टॉक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत वालों की एक खूबी है कि उनकी रात की बातें भी दिल के उजालों में जुबान तक आ जाती है। सियासत वालों को संयम से काम लेना चाहिए और उन्हें अनुशासन से भी काम लेना चाहिए। किस्सा एक मौहल्ले का गूंज रहा है और किस्से में एक राजनीतिक दल है। बताया जाता है कि चिंतन मंथन होना था और चिंतन मंथन के लिए दवाईयों का काम करने वाले व्यक्ति ने अपना स्थान प्रदान किया था। सर्जिकल वालों को बताया गया था कि हम दो दिन का कार्यक्रम रखेंगे। वो भी राजनीतिक दल के प्रति निष्ठा से भरे हुए थे। लिहाजा उन्हेंाने भवन की चाबी सौंप दी। सूत्र बताते हैं कि पहले पेय पदार्थ को लेकर मामला बिगड़ा और फिर मूत्र विसर्जन को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद चिंतन मंथन वाली बैठक समेट दी गई और जिस शिखर वार्ता को करने छत पर चढ़े थे। वहां से सबको उतरना पड़ा। किस्सा एक राजनीतिक दल में गूंज रहा है। किस्सा पूरे शहर में गूंज रहा है और बताया जाता है कि व्यापार मंडल वाले पंडित जी के यहां स्थान दिया गया था और शाम के बाद मामला थोड़ा और अधिक विचारणीय हो गया। अब विचार करना है तो उसके लिए मूड बनाने की बात थी। किस्से में पुराने साईकिल वाले भी गये थे और किस्से में पूर्व वाले ऐलीफेंट भी गये थे। बताते हैं कि यहां धीरे धीरे कुछ ऐसा हो गया कि हॉट टॉक बढ़ गई।

ऐलीफेंट और नेता जी के भतीजे के बीच का फजीता ज्यादा बढ़ गया। जब ज्यादा मामला बढ़ा तो फिर व्यापार वाले पंडित जी के पुत्र आ गये और इसके बाद शिखर वार्ता जमीन पर आ गई। दो दिन तक जिस बात पर चिंतन होना था वो बात एक शाम में ही सिमट गई। वकील साहब अपने घर रवाना हो गये और साईकिल वाले अपने मौहल्ले की तरफ कूच कर गये और ऐलीफेंट वाले भी चले गये। बताते हैं कि इसके बाद ऐसी सर्जिकल स्ट्राईक हुई कि टॉयलेट में ही ताला लग गया।

# तीन मिनट में आग का गोला बनी स्कॉर्पियो चालक ने कूदकर बचाई जान

**विजयनगर थाना क्षेत्र की घटना**





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब तेज रफ्तार से दौड़ रही स्कॉर्पियो कार अचानक आग का गोला बन गई। विजयनगर थानाक्षेत्र के राहुल विहार फ्लाईओवर के नीचे हुई इस घटना में गाड़ी महज 3 मिनट के भीतर पूरी तरह जलकर राख हो गई, जबकि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के अनुसार, घटना की सूचना दोपहर 03:14 बजे मिली।

कॉलर सचिन ने फायर कंट्रोल रूम को बताया कि एक्सप्रेसवे पर एक कार में भीषण आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ी तत्काल मौके के लिए रवाना की गई। दमकल टीम के पहुंचने तक आग विकराल रूप ले चुकी थी और स्कॉर्पियो गाड़ी पूरी तरह लपटों में घिर चुकी थी।

फायर कर्मियों ने होज पाइप के जरिए तेजी से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया और कुछ ही देर में उसे पूरी तरह बुझा दिया। गाड़ी के मालिक अशदीप सिंह भी मौके पर मौजूद मिले। राहत की बात यह रही कि इस भयावह हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन पूरी तरहनष्ट हो गया।

### शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी होगी जांच

**करंट क्राइम :** दमकल के अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी माना जा रहा है। हालांकि, फायर विभाग द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। उनका मानना है कि गर्मी के मौसम में वाहनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में समय-समय पर वाहन की सर्विसिंग और वायरिंग की जांच बेहद जरूरी है, ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

# वर्णमाला का कौन सा अक्षर निकला अध्यक्ष की जुबान से सियासत वालों में किस्सा ‘ल’हरा रहा है पूरे उफान से

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में शब्दों का एक अर्थ होता है। ये शब्द है जो किसी को समर्थ कर देते हैं। ये शब्द है जो कई बार बात का अनर्थ कर देते हैं। ये शब्द हैं अगर ठीक से चुभ जायें तो राजनीति को व्यर्थ कर देते हैं। पोलिटिक्स वाले चेहरों को तो ये बात खासतौर से कही भी जाती है कि अपने शब्दों पर ध्यान दें। क्योंकि शब्द एक संदेश होते हैं। किस्सा एक राजनीतिक दल के अध्यक्ष की जुबान से निकले शब्द को लेकर गूंज रहा है। अगर अंग्रेजी की एल्फाबेट देखें तो इसमें ए टू जेड 26 अक्षर आते हैं।

अगर हिंदी वर्ण माला की बात करें तो क कबूतर से लेकर ज्ञ ज्ञानी तक 54 शब्द आते है। हर शब्द का अर्थ नहीं होता कई बार ण-खाली भी होता है। शब्दों के मायने सभी समझते हैं। किस्सा अंग्रेजी के ‘एल’ शब्द को लेकर गूंज रहा है। चर्चा जिले वालों से लेकर महानगर तक चल रही है। दल वाले भी हैरान हैं कि अध्यक्ष जी की जुबान से मंच पर ये क्या तूफान निकल गया। सब कह रहे हैं कि अध्यक्ष जी को थोड़ा पेशेंश रखना चाहिए था और शब्दों को थोड़ा बैलेंस रखना चाहिए था। अध्यक्ष जी का अंदाज ये है कि मैंने कौन सा गलत कहा है और शब्दों को अपने हिसाब से कोई ना एक्सप्लेन करे। अब अध्यक्ष जी को कौन समझाये कि कुछ शब्द कॉमन डिक्शनरी के होते हैं और इन्हें सब आसानी से समझ जाते हैं। हालांकि कहने वाले ये भी कह रहे हैं कि ‘एल’ शब्द से अध्यक्ष जी ने लड्डू की बात कही हो। हो सकता है कि वो लाभ पहुंचाने की बात कह रहे हो।




**शब्दों का चर्चा पूरे शहर में गूंज रहा है। बहरहाल अध्यक्ष जी की जुबान से जब ‘एल’ लगाने वाली वाणी निकली तो वहां मौजूद लोगों ने दातों तले उंगली दबा ली।**

हो सकता है उनका मतलब लुभावना शब्द से हो। अब हर ‘एल’ शब्द से तो कई शब्द आते हैं हो सकता है अध्यक्ष जी लड्डू की बात कर रहे हों। ‘एल’ शब्द की बात कही हो तो वो किसी लक्ष्य को तय करने की बात कह रहे हों। क्या पता वो लेखन का संदेश दे रहे हों। ‘एल’ शब्द ही तो है हो सकता है किसी को लचीला रखने की बात कही हो। बहरहाल ‘एल’ शब्द का किस्सा गूंज रहा है और इसलिए भी गूंज रहा है कि जब अध्यक्ष जी मंच पर चढ़े और माईक उनके हाथ में आया तो उन्होंने किसी ऑब्लीगेशन की बात निकाल ली।

वो ऑब्लीगेशन को लेकर टेंशन में थे और टेंशन में उनकी जुबान पर ये शब्द आ गया। दरअसल अध्यक्ष जी ने माईक संभाला और पहले उन्होंने पार्टी के सिद्धान्तों की घुट्टी पिलाई। उसके बाद उन्होंने अपने विरोधियों पर निशाना साधा और फिर वो पूरे तूफान में आ गये। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी को यहां से बताना चाहता हूं कि अगर किसी को लग रहा हो कि मेरे अध्यक्ष बनने में उनकी कोई भूमिका है तो ऐसे लोग अपनी गलतफहमी दूर कर लें। उन्होंने कहा कि जिन्हें लगता है अध्यक्ष बनने में उन्होंने मेरी सहायता की है तो मैं ऐसे लोगों की गलतफहमी दूर करना चाहता हूं।

अध्यक्ष जी आगे बढ़े और उन्होंने कहा कि 2027 आने वाला है और मैं उन्हें बता दूं कि ऐसे लोगों के मैं ‘एल’ लगा दूंगा। अब अध्यक्ष जी ‘एल’ से क्या किसी को ललकार रहे थे या वो किसी लहर की बात कर रहे थे। शब्दों का चर्चा पूरे शहर में गूंज रहा है। बहरहाल अध्यक्ष जी की जुबान से जब ‘एल’ लगाने वाली वाणी निकली तो वहां मौजूद लोगों ने दातों तले उंगली दबा ली।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्यों कहा कहने वाले ने कि वो राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ अभी भी दे रहे हैं निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष के फोटो को पार्टी मुख्यालय पर लगे होर्डिंग पर स्थान? हमें उनकी ये अदा बहुत ही अच्छी लग रही है श्रीमान? हम चाहते हैं कि वो इसी तर्ज पर महानगर के निवर्तमान अध्यक्ष को भी दें ऐसा ही किरदार? अगर वो इस सोच को समान रखेंगे? तो इसका बेहतर संदेश जायेगा कार्यालय से निकलकर बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं तो उनसे एक बात चाहता हूं पूछना? जब स्थापना दिवस वाला प्रोग्राम उन्होंने किया था सुबह 9.30 बजे निर्धारित? तो फिर उन्होंने पार्टी के ग्रुप पर क्यों दी इस कार्यक्रम की 9.47 पर सूचना? इसी सूचना में कार्यक्रम का मिल रहा था हमें 9.30 का अपडेट? कहने वाले ने कहा कि ये उनकी नहीं सर्वर की दिक्कत होगी? वो नहीं होते हैं इस अनूठे अंदाज में लेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं जो आपको ख्याल दे रहा हूं उस बारे में आप भी सोचना? पहले पूरा गाजियाबाद हो जाया करता था नारंगी? जब होती थी पदाधिकारियों की घोषणा? होर्डिंग की आ जाया करती थी बहार? मगर इस बार तो वैसा कुछ भी नहीं दिख रहा यार? बहुत ही कम होर्डिंग बधाई वाले इस बार दे रहे हैं दिखाई? मैं यूं ही नहीं कह रहा हूं ये बात? मैंने इस मैटर में हर जगह हैं नजरे दौड़ाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो थोड़े बहुत होर्डिंग पर मेरी पड़ी है नजर? मैंने देखा करने वाले कर रहे हैं ज्यादा महानमंत्रियों की फिक्र? उन्होंने अध्यक्ष जी के भी फोटो को कर दिया है छोटा? कहने वाले ने कहा ऐसा आप ही बताओ कहां है होता? महामंत्री भी अपने समर्थकों को नहीं दे रहे हैं इस बात की सीख? हमारा तुम भले ही बड़ा या छोटा लगाओ? मगर अध्यक्ष जी का फोटो छोटा करना नहीं है ठीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात हुई है हमें अंदर से उजागर? किंग साहब की किसी भी बात का अब अपने गागर में नहीं भरना चाहते हैं वो सागर? सुना है वो अब इस मैटर में रहना चाहते हैं पूरी तरह शांत? इसलिए उन्होंने नहीं तोड़ा है बातचीत को लेकर अपना एकांत? उन्हें आज भी नहीं हो रहा है उनकी सिफारिश को लेकर यकीन? वो कह रहे हैं हमने तो जो बिस्किट मीठा सोचकर खाया था? वो निकला नमकीन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात पर मैंने बारिकी से दिया ध्यान? तब गोपाल जी का चेहरा मेरे सामने प्रकट हुआ श्रीमान? मैंने देखा संगठन में कई बार मिला पहलवान, सुशील, त्यागी को कई-कई बार काम? मगर ना जाने क्या खता हुई मिस्टर गोपाल से? एक ही पारी में कर दिया करने वालों ने उनका मामला तमाम? कहने वाले ने कहा आप अपनी आंखों से दूर करो इस बात का धोखा? इनको तो चेयरमैनी लड़ाई है पार्टी ने? उन तीनों को कहां मिला आज तक ऐसा मौका?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चलो आपको बताते हैं भाजयूमों के अंदर के हालात? इस दौड़ में युवा चौधरी की मजबूत चल रही है बात? उसके पास है कई वर्षों का ट्रैक रिकार्ड? इसके अलावा भी कई मजबूत चेहरे हैं उसके साथ? कहने वाले ने कहा अगर सबकुछ ठीक ठाक रहा तो बनेगी इस चेहरे की बात? हमने देखा जब कसा था उन्होंने इस पर बैकड्राप का ताना? तब भी थी इसके चेहरे पर मुस्कुराहट? इसके मजबूत दिख रहे हैं हमको हालात? क्योंकि ये नहीं होता है अब नाराज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूं तो आपने युवा मोर्चा वाली दावेदारी में कई युवाओं को दिखा दिये ख्वाब? मगर आप उस चेहरे को भूल गये जिसका नाम है महताब? सुना है ये भी रेस में बहुत तेजी से दौड़ रहे हैं? इनका भी पूरा हो सकता है ख्वाब? योद्धा के फेस पर भी आ जाती है इस चेहरे को देखकर स्माईल? बस समझ जाओ इसकी भी है अच्छी खासी मजबूत वाली फाईल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उन्होंने हमारे साथ में बैठकर गजब की बात कह दी? आजकल गोयल साहब के निमंत्रण खूब स्वीकार कर रहे हैं मिस्टर मैदी? कहने वाले ने कहा कि आप कितने ही निकालो इस मुलाकात को लेकर तर्क? उनके दिल में हमेशा रहते हैं मिस्टर गर्ग? गोयल साहब के साथ नजर आना नहीं है कोई काम अंजाना? इसमें भी कोई तर्क छुपा होगा? समझदार हो तो इस बात को समझ जाना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के गुर्जर चेहरे खुद को बागपत का दावेदार कर रहे हैं पेश? मगर उनकी ऊंगली भले ही उधर हो? मगर जब वो ये बात कहते हैं तब क्रान्तिकारी विधानसभा की ओर होता है उनका फेस? वो पहला दिखाकर दूसरा चलना चाहते हैं दांव? वो नेता बड़े हैं? जहां जाते हैं वहां मिलता है उनको हर किसी से भाव? कुरेद लेना उनको कभी ठीक से? पता चल जायेगा किस सीट पर है उनका लगाव?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

07 April -26 page 4 06-04-2026 22:24 Page 1



## संपादकीय

# महिला आरक्षण से बदलाव

नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीति में कम हिस्सेदारी को सुधारने का प्रयास है। आबादी में लगभग आधी हिस्सेदारी के बावजूद संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बेहद कम है। लंबे इंतजार के बाद यह कानून लोकतंत्र को संतुलित बनाएगा, नीतियों में महिलाओं की आवाज बढ़ाएगा और राजनीति में समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत की जनसंख्या में महिलाओं की आबादी 48.5% थी। अनुमान है कि पिछले करीब डेढ़ दशक में इसमें कुछ सुधार ही हुआ होगा, लेकिन जो नहीं बदला, वह है देश की संसद और राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) इसी स्थिति को बदलने वाला कानून है और इसके पास व लागू होने में देरी नहीं होनी चाहिए। कमजोर प्रतिनिधित्व आंकड़े बताते हैं कि राजनीति में महिलाएं महत्वपूर्ण तो रहीं, पर ज्यादातर वोट बैंक के नजरिये से। उनको उचित प्रतिधिनित्व आज भी नहीं मिल पाया है, जबकि हर क्षेत्र में समान अधिकार की बात की जाती है। मौजूदा लोकसभा में महज 14% महिला सांसद हैं, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में तो स्थिति और खराब है – महज 10% महिला विधायक। और जब महिलाओं को मौका ही नहीं मिलेगा, तो यह सुधरेगा कैसे।

लंबा इंतजार भारत ने अपनी आजादी के साथ ही महिलाओं को पुरुषों के बराबर वोटिंग का अधिकार देकर दुनिया के सामने नजीर पेश की थी, पर इसके अगले चरण – राजनीति में उनकी बराबर भागीदारी में देश पीछे रह गया। साल 1996 में एचडी देवेगौड़ा की सरकार में पहली बार महिला आरक्षण बिल लाया गया था और तब से तीन दशकों में चार असफल प्रयास हो चुके हैं। अब सरकार ने बिल पास करने के लिए 16 से 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया है। लोकतंत्र में संतुलन पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल में एक चुनावी रैली में महिलाओं से विपक्षी दलों पर दबाव बनाने की अपील की, ताकि संसद में महिला आरक्षण बिल बिना किसी विरोध के पास हो सके। आदर्श स्थिति तो यह होगी कि बिल को हर दल का साथ मिले, दबाव बनाने और विरोध की नौबत ही न आए। देर से ही सही, कम से कम अब इस काम को अंजाम तक पहुंच जाना चाहिए। नीतियों पर असर जब सदन में ज्यादा महिलाएं होंगी, तो आधी आबादी से जुड़े मुद्दों को ज्यादा आवाज मिलेगी। उनकी समस्याओं पर ज्यादा सटीक और संवेदनशील चर्चा हो सकेगी, जिससे नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। महिलाओं की अनगिनत उपलब्धियों के बावजूद राजनीति उन कुछ क्षेत्रों में है, जहां उन्हें बराबर मौके नहीं मिल पाते। महिला आरक्षण बिल इस कमी को दूर करेगा। इस बदलाव का असर पूरे समाज पर पड़ेगा। महिला आरक्षण का सवाल सिर्फ सीटों का बंटवारा नहीं, भारत के लोकतंत्र को और संतुलित व न्यायपूर्ण बनाने का मुद्दा है।

# सेंसेक्स-निफ्टी में जोरदार उछाल, बाजार हरे निशान पर बंद

## कच्चे तेल में नरमी और बैंकिंग शेयरों की खरीदारी से बाजार को मिला सहारा



**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार सोमवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों का सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 787.30 अंकों की बढ़त के साथ 74,106.85 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 255.15 अंकों की बढ़त के साथ 22,968.25 के स्तर पर बंद हुआ।

पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध में संघर्ष विराम के प्रयासों की खबरों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बाद शुरूआती कारोबार में गिरावट के बाद सोमवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेज उछाल देखने को मिला। इसके अलावा, बैंक शेयरों में भारी खरीदारी ने भी निवेशकों के मनोबल को समर्थन दिया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे बढ़कर 93.05 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

एक उतार-चढ़ाव भरे सत्र में, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 787.30 अंक या 1.07 प्रतिशत बढ़कर 74,106.85 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 887.91 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़कर 74,207.46 पर पहुंच गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 255.15 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 22,968.25 पर बंद हुआ।

हालांकि, लगातार मुद्रास्फीति के दबाव और वैश्विक व्यापार में संभावित व्यवधानों को लेकर चिंताओं के कारण समग्र जोखिम लेने की प्रवृत्ति सतर्क बनी हुई है, उन्होंने आगे कहा।

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि आज की रिकवरी मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में मामूली गिरावट के कारण हुई, जिसमें ब्रेंट क्रूड की कीमत 105 अमेरिकी डॉलर से नीचे आ गई।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से ट्रेंट के शेयरों में सबसे ज्यादा 7.89 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। एक्सिस बैंक, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस भी प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक और सन फार्मा पिछड़ गए।

### एशयाई बाजारों में दिखी तेजी

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हांगकांग और शंघाई में छुट्टी के कारण बाजार बंद रहे। गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अमेरिकी और घरेलू शेयर बाजार बंद रहे।

### क्या है विशेषज्ञों की राय?

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में जोरदार उछाल देखने को मिला क्योंकि सभी क्षेत्रों में वैल्यू बाइंग को बढ़ावा मिला। युद्धविराम प्रयासों की खबरों के चलते कच्चे तेल की कीमतों में मामूली नरमी आई, जबकि उत्साहजनक अस्थायी बैंकिंग आंकड़ों ने ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में रुचि को बल दिया।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच भी देश में ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित, सरकार का भरोसा

## रोज 50 लाख एलपीजी सिलेंडर डिलीवरी जारी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भारी भू-राजनीतिक तनाव और 35 दिनों से अधिक समय से चल रहे संकट के बीच, भारत सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर देश के उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक बड़ा बयान देते हुए स्पष्ट किया है कि इस क्षेत्र से भारत की एलपीजी सप्लाई भले ही प्रभावित हुई है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला को टूटने नहीं दिया गया है। उनके मुताबिक, वर्तमान विपरीत परिस्थितियों में भी भारत भर में प्रतिदिन लगभग 50 लाख एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है।

**पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पर कड़ी निगरानी :** सुजाता शर्मा ने स्थिति की गंभीरता को समझाते हुए बताया कि हमारी एलपीजी जरूरतों का एक बहुत बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है, जिसके कारण

## खाद्यान्न भंडार तीन गुना, नाविक सुरक्षित

मौजूदा संकट से सप्लाई चेन पर असर पड़ा है। हालांकि, सरकार ने हर संभव प्रयास किया है कि किसी भी आम उपभोक्ता को पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत का सामना न करना पड़े। जमीनी स्तर पर स्थिति को संभालने के लिए तेल विपणन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी लगातार फील्ड में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं।

सुजाता शर्मा ने कहा कि ये अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सप्लाई सुचारू रहे और किसी भी संभावित गड़बड़ी को तुरंत रोका जाए। राहत की बात यह है कि देश के किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के पास से 'एलपीजी ड्राईआउट' (गैस खत्म होने) की कोई खबर नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि आज 35 दिन से अधिक हो गए हैं। उन्होंने कहा, हमारी एलपीजी की जरूरत का बहुत बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है, इसलिए इससे सप्लाई प्रभावित हुआ है।



### भारतीय नाविक सुरक्षित

ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के साथ-साथ सरकार महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर भी पैनी नजर बनाए हुए है। राजनयिक स्तर पर, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पश्चिम एशियाई संकट को लेकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर और ईरान के विदेश मंत्रियों के साथ अहम चर्चा की है, जिसकी पुष्टि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने की है।
व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए हैं: पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में वर्तमान में 16 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद हैं।

# ओपेक+ का बड़ा फैसला, तेल उत्पादन बढ़ेगा

## मई 2026 से 2.06 लाख बैरल प्रतिदिन बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आठ प्रमुख ओपेक प्लस (डढएउ+) देशों ने मई 2026 से कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि करने का रणनीतिक निर्णय लिया है। 5 अप्रैल 2026 को हुई एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक के बाद, इन देशों ने कुल 2,06,000 बैरल प्रतिदिन की उत्पादन वृद्धि को लागू करने की घोषणा की है।



### उत्पादन वृद्धि का संदर्भ और प्रमुख आंकड़े

पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह वृद्धि उन स्वैच्छिक कटौतियों में एक क्रमिक समायोजन है जो पूर्व में लागू की गई थीं। विशेष रूप से, अप्रैल 2023 में जो 1.65 मिलियन बैरल प्रतिदिन की अतिरिक्त स्वैच्छिक उत्पादन कटौती घोषित की गई थी, उसी में से अब 2,06,000 बैरल प्रतिदिन को बाजार में वापस लाया जा रहा है। यह वापसी बाजार की बदलती परिस्थितियों के आधार पर क्रमिक रूप से की जाएगी।

### ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला और भू-राजनीतिक चुनौतियां

उत्पादन के आंकड़ों से आगे बढ़ते हुए, ओपेक+ के इन आठ देशों ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं और समुद्री शिपिंग मार्गों की सुरक्षा पर भी गहरी चिंता व्यक्त की है। हाल के समय में ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों के संदर्भ में समूह ने स्पष्ट किया कि क्षतिग्रस्त ऊर्जा संपत्तियों को पूरी क्षमता में बहाल करना अत्यंत खर्चीला और समय लेने वाला काम है। इसका सीधा असर समग्र आपूर्ति उपलब्धता और वैश्विक बाजार पर पड़ता है। समूह ने अपने बयान में जोर देकर कहा कि बुनियादी ढांचे पर हमलों या अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में किसी भी प्रकार के व्यवधान से बाजार में अस्थिरता बढ़ती है। इस तरह की कार्रवाइयां उत्पादकों, उपभोक्ताओं और संपूर्ण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लाभ के लिए बाजार स्थिरता का समर्थन करने वाले सामूहिक प्रयासों को कमजोर करती हैं।

### आगे का रास्ता और बाजार का दृष्टिकोण

सऊदी अरब, रूस और अन्य भागीदार देशों ने स्पष्ट किया है कि वे बाजार की स्थितियों का बारीकी से आकलन करना जारी रखेंगे। बाजार में स्थिरता बनाए रखने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, उन्होंने एक सतर्क दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया है।

# मार्च में सेवा क्षेत्र की रफ्तार पड़ी धीमी पीएमआई 14 महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च 2026 में कुछ धीमी पड़ गई है। एचएसबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, HSBC इंडिया सर्विसेज पीएमआई फरवरी के 58.1 से घटकर मार्च में 57.5 पर आ गया, जो पिछले 14 महीनों का सबसे धीमा विस्तार है। हालांकि, सूचकांक अब



भी अपने दीर्घकालिक औसत 54.4 से ऊपर बना हुआ है, जो संकेत देता है कि सेवा क्षेत्र में कुल मिलाकर वृद्धि जारी है। पीएमआई एक आर्थिक सूचकांक है, जो बताता है कि किसी देश के उद्योग या सेवा क्षेत्र की गतिविधियां बढ़ रही हैं या घट रही हैं।

### निर्यात आधारित मांग से सेक्टर को सहारा मिला

एचएसबीसी के अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मार्च में सेवा क्षेत्र विस्तार में बना रहा, लेकिन लगातार दूसरे महीने वृद्धि की रफ्तार कमजोर हुई। उन्होंने बताया कि निर्यात आधारित मांग मजबूत रही, जिससे सेक्टर को सहारा मिला।

### महंगाई को लेकर चिंता

रिपोर्ट में महंगाई के दबाव को लेकर भी चिंता जताई गई है। इनपुट लागत लगभग चार वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसका कारण ईंधन, परिवहन और खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी है। इसके बावजूद, कंपनियों का भविष्य को लेकर भरोसा मजबूत बना हुआ है। करीब 12 वर्षों में पहली बार कारोबारियों ने उत्पादन को लेकर इतनी सकारात्मक उम्मीद जताई है, जो आने वाले समय में मांग और बाजार परिस्थितियों में सुधार की उम्मीद पर आधारित है।

# सुप्रीम कोर्ट ने 14,535 करोड़ डील को जारी रखने दी मंजूरी

## अदाणी को राहतः जेएएल अधिग्रहण पर सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी

### एनसीएलएटी की अनुमति बिना बड़े फैसलों पर मॉनिटरिंग कमेटी को रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी ग्रुप की 14,535 करोड़ की बोली पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिससे जेएएल के अधिग्रहण की प्रक्रिया फिलहाल जारी रहेगी। हालांकि, कोर्ट ने मॉनिटरिंग कमेटी को बिना NCLAT की अनुमति कोई बड़ा फैसला लेने से रोक दिया है।

भारत के कॉरपोरेट जगत से जुड़ी एक अहम कानूनी लड़ाई में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने अदाणी ग्रुप की 14,535 करोड़ की बोली के जरिए जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के अधिग्रहण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अदालत ने एक महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए जेएएल की निगरानी कर रही मॉनिटरिंग कमेटी को बिना नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) की अनुमति के कोई बड़ा नीतिगत फैसला लेने से रोक दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इस मामले में सभी



पक्ष खासतौर पर वेदांता लिमिटेड और अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अपनी दलीलें एनसीएलएटी के सामने रखें। अदालत ने एनसीएलएटी को निर्देश दिया कि वह इस मामले की सुनवाई तेजी से पूरी करे। एनसीएलएटी इस विवाद पर 10 अप्रैल से अंतिम सुनवाई शुरू करेगा।

### विवाद की पृष्ठभूमि

दरअसल, वेदांता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए एनसीएलएटी के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदाणी ग्रुप की बोली पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण बल न होने के कारण इंसान की रीढ़ की हड्डी को पृथ्वी पर होने वाले खिंचाव से छुटकारा मिल जाता है. और जब कोई अंतरिक्ष यात्री अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा करता है तो उसकी लम्बाई 2.25 इंच तक बढ़ जाती है।
- साल 1984 में अमेरिकी एस्ट्रोनॉट ब्रूस मैक्कैंड्लेस यान से निकलकर अंतरिक्ष में विचरण करने वाले पहले मानव बने। वे चैलेंजर नामक अंतरिक्ष यान से बाहर निकलकर 300 फुट तक चले थे। ब्रूस यूएस नेवी में फाइटर पायलट भी रह चुके हैं।
- साल 1 9 62 में, अमेरिका ने अंतरिक्ष में एक हाइड्रोजन बम को उड़ा दिया जो हिरोशिमा से 100 गुना अधिक शक्तिशाली था।
- 23 अप्रैल, 1967 को सोवियत कॉस्मोनॉट व्लादिमीर कोमारोव अंतरिक्ष की अपनी दूसरी यात्रा के दौरान वापसी में स्पेसक्राफ्ट के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर मारे गए थे। अंतरिक्ष यात्रा में मरने वाले वे दुनिया के पहले व्यक्ति थे। आप अंतरिक्ष में रो नहीं कर सकते क्योंकि आपके आँसू कभी नहीं गिरेंगे।
- अंतरिक्ष यात्री के मुताबिक, अंतरिक्ष में स्टेक, गर्म धातु और वेल्डेंग फोम की तरह खुशबू आ रही है।

## चुटकुले

पत्नी : सुनो जी, मेरी याद आती है क्या?
पति : नहीं
पत्नी : क्यों??
पति : क्योंकि तुम कभी जाती ही नहीं

---

टीचर : बताओ सबसे ज्यादा खुश कौन रहता है?
स्टूडेंट : जिसका मोबाइल Silent पर हो

---

दोस्त : भाई Gym जा रहा हूँ
दूसरा : क्यों?
पहला : बॉडी बनानी है
दूसरा : पहले दिमाग बना ले

---

पापा : बेटा, बड़ा होकर क्या बनेगा?
बेटा : ATM
पापा : क्यों?
बेटा : सबको पैसे चाहिए, मुझे भी

---

लड़की : तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
लड़का : इतना कि
WiFi छोड़कर तुम्हारे साथ बैठ जाऊं

---


मम्मी : उठ जा, स्कूल नहीं जाना?
बेटा : नहीं
मम्मी : क्यों?
बेटा : सपने में ही पास हो गया




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी





# अद्भुत ! भारत के 'बब्बर शेर' संग्राम सिंह ने फ्रांस के फाइटर को किया धराशायी





**ब्यूनस आयर्स।** जब रविवार की रात को पूरा देश सो रहा था, तब टटअ का आइकन संग्राम सिंह ब्यूनस आयर्स में इतिहास रच रहा था। उन्हें अर्जेंटीना में एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय होने का गौरव हासिल हुआ। उम्र में 16 साल छोटे फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन काउडियर को उन्होंने यहां बयूनस आयर्स के खचाखच भरे टिगरे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में महज एक मिनट 45 सेकंड में धराशायी कर दिया। तिबस्ली (जॉर्जिया) और एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में जीत के बाद उन्होंने एमएमए में जीत की हैट-ट्रिक भी पूरी कर ली। इस फाइट में उन्हें कुश्ती के दांव पेंचों का काफी फायदा हुआ।

## जीत के बाद संग्राम सिंह का बयान

जीत के बाद रिंग पर दिए उनके एक बयान से पूरा एमएमए एरिना तालियों के शोर से गूंज उठा। दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने कहा कि, मेरे लिए जीत-हार कोई मायने नहीं रखती। मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं अक्सर कहता हूं कि पैशन की कोई उम्र नहीं होती। जैसा कि प्रधानमंत्रीजी अक्सर कहते हैं कि ऊंचे सपने देखो और उनको साकार करने में जुट जाओ। मेरा भी अर्जेंटीना में फाइट जीतने पर पहले भारतीय बनने का सपना साकार हुआ।

उन्होंने आयोजकों के साथ ही अपने कोच भूपेश का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, वह पिछले 25 साल से उनके साथ हैं। वह भी मुझे कामयाबी दिलाने में दिन-रात जुटे रहे। उन्होंने कहा कि जीत के बाद उन्हें देश विदेश से बधाई संदेशों का तांता लग गया। संग्राम सिंह प्रोफेशनल कुश्ती में वर्ल्ड हैवीवेट चैम्पियन भी रह चुके हैं। खेल मंत्रालय की फिट इंडिया मूवमेंट के ब्रैंड एम्बेसडर संग्राम सिंह ने कहा कि इस बार हालात उनके लिए काफी मुश्किल थे। कॉम्पीटिशन से दो दिन पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से 600 ग्राम अधिक था। दिन भर उन्होंने अपने कोच के साथ कड़ी मेहनत की। खूब पसीना बहाया। दिन भर में आधा गिलास पानी पिया। संग्राम सिंह 83 किलो वजन में उतरे जहां दो किलो की छूट थी। संग्राम सिंह ने कहा कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से बड़ा दबाव महसूस कर रहे थे।

इस अवसर पर मौजूद भारतीय राजदूत और उनके बेटे ने भी इस जीत के बाद बेहद भावुक होकर उन्हें बधाई दी। उस समय पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा था। स्टेडियम के एक कोने से भारत माता की जय के भी नारे लग रहे थे। संग्राम ने कहा कि मुझे भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि पूरा स्टेडियम मेरी फाइट के दौरान मुझे ही क्यों चीयर-अप कर रहा है।

संग्राम ने कहा कि आखिरकार कुश्ती का उनका अनुभव काम आया। फ्लोरियन की किक को पकड़कर उन्होंने नीचे गिराया। यानी उन्हें कुश्ती के लेग अटैक का फायदा मिला। फिर नीचे आकर उन्होंने सांडी तोड़ने की कोशिश की और फिर उन्हें लम्बा करके चोक कर दिया। रेफरी के तीन बार पूछने पर आखिरकार फ्लोरियन ने अपनी हार मान ली। इस तरह संग्राम ने अपनी तीसरी टटअ फाइट को भी सहजता के साथ जीता।

पाकिस्तानी फाइटर को उन्होंने 90 सेकंड में हराया था जबकि दूसरी फाइट को उन्होंने दूसरे राउंड में जीता था। संग्राम ने कहा कि अब वह काफी हल्का महसूस कर रहे हैं. दिमाग का सारा बोझ दूर हो गया है। सुबह उठकर उन्होंने जल नीति की। प्राणायाम और योग किया। सूर्य देवता को जल चढ़ाया। हनुमान चालीसा का पाठ किया। वह सब उनके बहुत काम आया। अपनी कामयाबी का श्रेय उन्होंने योग और प्राणायाम को दिया। उन्होंने युवाओं से इसी अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करने की अपील की। संग्राम सिंह ने यह भी स्वीकार किया कि इस फाइट के आयोजक सैमुराई फाइट हाउस, रितु छाबड़िया, जितेंद्र सिंह, देवब्रत सरकार, नितिन अग्रवाल, मनोज अत्री और संजीव गुप्ता और उनका पूरा सपोर्ट स्टाफ उनके लिए पर्दे के पीछे के हीरो हैं। इनके बिना आज इस यादगार दिन की वह कल्पना भी नहीं कर सकते थे।

### फाइट में संग्राम को काम आया कुश्ती का अनुभव

मुकाबले के शुरू में संग्राम के एक पंच को फ्लोरियन ने अपने चेहरे पर लगने से बचा लिया। वह पंच उनके कंधे पर लगा। इसके जवाब में फ्लोरियन ने पसलियों पर किक से प्रहार किया। वहीं संग्राम की ओर से भी भी किक से ही जवाबी हमला देखने को मिला। संग्राम ने कहा कि फ्लोरियन दिखने में तगड़े जरूर थे लेकिन उनके हाथ-पैर काफी तेजी से चल रहे थे।

# यह है भारत का सम्मान ! उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी ने भारत की बेटी को किया 'नमस्ते', यूं जीता दिल



**नई दिल्ली।** ग्रेनके फ्रीस्टाइल चेस ओपन 2026 इस वक्त जर्मनी में खेला गया। ग्रेनके फ्रीस्टाइल चेस ओपन की एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा वायरल हो रही है। उस वीडियो ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर ने बढ़ाया हाथ तो उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर ने किया नमस्ते

दरअसल, भारतीय ग्रैंडमास्टर हरिका द्रोणावल्ली और उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक याकुब्बोएव के बीच मुकाबला हुआ। इस मैच में जब हरिका द्रोणावल्ली नोदिरबेक याकुब्बोएव से हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाती हैं तो याकुब्बोएव हाथ आगे बढ़ाने की बजाय दोनों हाथ जोड़कर नमस्ते करते हैं। इस घटना ने सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोरी हैं।

बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ जब उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदरिक याकुब्बोएव ने भारतीय ग्रैंडमास्टर से हाथ नहीं मिलाया। ऐसे पहले भी हो चुका है। पिछले साल विज्क आन जी चैलेंजर्स सेक्शन में आर विशाली के खिलाफ उन्होंने हाथ नहीं मिलाया था, जिससे कन्फ्यूजन हो गई थी। इसके बाद जब वह विशाली से मिले तो वह माफी मांगने के लिए फूल और चॉकलेट उनके लिए लेकर आए थे।

याकूब्बोएव ने इस मामले पर कहा था, 'मैं माफी मांगता हूं जो कुछ भी हुआ। वो दोनों के लिए अजीब स्थिति थी। मैं जल्दी में था उस दिन। यह गलतफहमी लग रही है। मैं आप दोनों को बचे हुए मैचों के लिए गुड लक। मैं बस कहना चाहता हूं कि मैं आपकी और आपके भाई दोनों की रिस्पेक्ट करता हूं। आप दोनों और सभी चेस प्लेयर्स की।'

वैशाली ने इसका जवाब देते हुए कहा था, 'नहीं, यह समझने वाली बात है। मैंने इसको उस तरीके से नहीं लिया। तो हमें खराब फील करने की जरूरत नहीं है। आपने सच में माफी मांगी। यह बिल्कुल ठीक है। आपको इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए।'

# जापान की ओलंपिक पहलवान सुगुमी सकुराई का चौंकाने वाला फैसला, 24 की उम्र में लिया संन्यास




**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में 57 किलोग्राम भार वर्ग की महिला कुश्ती चैंपियन सुगुमी सकुराई ने महज 24 साल की उम्र में संन्यास लेने का फैसला किया है। जापान की यह खिलाड़ी अब पहलवानों की नई पीढ़ी को तैयार करने के साथ पश्चिमी जापान में अपने गृह क्षेत्र कोची प्रीफेक्चर के लिए खेलों की सद्भावना दूत के तौर पर काम करेंगी। सकुराई साल 2021, 2022 और 2023 में लगातार तीन बार वर्ल्ड चैंपियन रही थीं, जिसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में अपने देश के लिए गोल्ड जीता।

## सोशल मीडिया पर किया एलान


सोशल मीडिया पर संन्यास की जानकारी देते हुए सकुराई ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'आपके लगातार समर्थन के लिए धन्यवाद। मैंने संन्यास लेने का फैसला किया है। अब तक, मैं बहुत से लोगों के समर्थन से एक बेहतरीन माहौल में कुश्ती में आगे बढ़ पाई हूं। मैं ओलंपिक में गोल्ड जीतने का सपना पूरा कर पाई। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद।'

फैंस का आभार जताते हुए सकुराई ने लिखा, 'आपके लगातार मार्गदर्शन और समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, तब भी जब नतीजे हासिल करना मुश्किल था। कुश्ती के जरिए मुझे बहुत सारे अनुभव मिले हैं। पीछे मुड़कर देखती हूं, तो बहुत दर्द भी हुआ, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने कुश्ती जारी रखी।'

अपने नए सफर की जानकारी देते हुए सकुराई ने बताया, 'यह फैसला मैंने पिछले एक साल में बहुत से लोगों से बात करने और सोचने-समझने के बाद लिया है। मैं अब से कोची रेसलिंग क्लब, कोनान सिटी में एक क्लासरूम शुरू करना चाहती हूं, और रेसलिंग को फैलाने और मजबूत करने के लिए अपना पूरा जोर लगा दूंगी।' 2016 में अंडर-17 विश्व चैंपियन बनीं सकुराई ने 2022 और 2023 में क्रमशः एशियन चैंपियनशिप और एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीते। हालांकि, एशियन चैंपियनशिप 2024 के फाइनल में उन्हें अपने करियर की गिनी-चुनी शिकस्त में से एक का सामना करना पड़ा। इसके बाद सकुराई ने शानदार वापसी की और महज पांच महीने बाद पेरिस में अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की। सेमीफाइनल में उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक की चैंपियन हेलेन मारौलिस (अमेरिका) को 10-4 से हराया। इसके बाद फाइनल में मोल्दोवा की अनास्तासिया निकिता को 6-0 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया।

# भारत को बड़ा झटका, सात्विक-चिराग की जोड़ी एशियन चैंपियनशिप 2025 से हट गई, लक्ष्य-सिंधु पर नजरें





**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है और अब इस प्रतियोगिता में भारत का दारोमदार शानदार फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन और अनुभवी पीवी सिंधु पर टिका रहेगा। सात्विक अभी कंधे की चोट से उबर रहे हैं जिसके कारण इस स्टार भारतीय जोड़ी को टूनामेंट से नाम वापस लेना पड़ा।

सात्विक और चिराग ने 2023 में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था। भारतीय कोच टैन किम हेर ने पीटीआई को बताया, सात्विक को अभी भी कुछ दर्द है, इसलिए वे इस सप्ताह नहीं खेल पाएंगे। सात्विक के दाहिने कंधे में दर्द के कारण यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन में भी क्वार्टर फाइनल के मैच से भी हट गई थी। इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की निगाहें अब एकल खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी जिसका नेतृत्व लक्ष्य और सिंधु करेंगे।

यह दोनों इस प्रतियोगिता में एकल में देश के खिताब के 61 साल से चले आ रहे इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेंगे। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन दिनेश खन्ना एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने 1965 में महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पुरुषों के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहने के बाद लक्ष्य उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

अल्मोड़ा का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी हांगकांग के ली चेउक यिउ के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। महिला एकल में सिंधु यूरोपीय चरण में भाग नहीं ले पाने केबाद वापसी कर रही हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के लिए इंग्लैंड जाते समय दुबई में फंस गई थीं, जिसके चलते उन्हें टूनामेंट से हटना पड़ा। इसके बाद उन्होंने आराम करने के लिए स्विस ओपन में हिस्सा नहीं लिया और अब उनका पहला मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा।

पुरुष एकल वर्ग में भी भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। कंधे की चोट से उबरकर वापसी कर रहे एचएस प्रणय का सामना क्वालीफायर से होगा, वहीं किदांबी श्रीकांत सिंगापुर के आठवें वरीयता प्राप्त लोह कीन यू से भिड़ेंगे। यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी का सामना चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। महिला एकल में सिंधु के अलावा जो अन्य भारतीय खिलाड़ी भाग ले रही हैं उनमें उन्नति हुडा का सामना थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से, तन्वी शर्मा का सामना मलेशिया की के लेटशाना से और मालविका बंसोड़ का सामना थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा।

# लिएंडर पेस को मिली 'एक्स' श्रेणी की सुरक्षा

## सीआईएसएफ जवानों के घेरे में रहेंगे दिग्गज खिलाड़ी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 'एक्स' श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है। पेस की सुरक्षा में अब सीआईएसएफ के जवान तैनात रहेंगे।

लिएंडर पेस भारतीय टेनिस के बड़े नामों में एक हैं और देशभर में लोकप्रिय हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में उन्हें बड़ी भूमिका मिलने की संभावना है। उन्हें चुनाव प्रचार के लिए पूरे राज्य का दौरा करना पड़ सकता है। ऐसे में उनकी सुरक्षा चिंताओं का आकलन करने के बाद गृह मंत्रालय ने उन्हें 'एक्स' श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला लिया है।

एक्स श्रेणी की सुरक्षा में दो सशस्त्र पुलिस कर्मियों की सुरक्षा दी जाती है। इसमें कोई कमांडो शामिल नहीं होता है। हाल ही में लिएंडर पेस भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के बाद लिएंडर पेस ने कहा था कि मोदी जी ने मुझे बुलाकर एक बंगाली होने के नाते सम्मान दिया और युवाओं व खेलों को लेकर अपना विजन भी साझा किया। आज मैं उसी मिशन को आगे बढ़ाने के लिए यहां मौजूद हूं।

पेस ने कहा था कि पीएम मोदी ने उन्हें 2036 ओलंपिक की तैयारियों में अहम जिम्मेदारी सौंपी है। देश की सेवा करने का जज्बा उनके अंदर पूरी तरह से मौजूद है और वे हर चुनौती का सामना करते हुए देश के लिए काम करने को तैयार हैं। लिएंडर पेस भारत के एकमात्र टेनिस खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलंपिक में एकल वर्ग में देश के लिए पदक जीता है। 1996 में अटलांटा ओलंपिक में पेस ने कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा पेस डबल्स और मिश्रित डबल्स मिलाकर 18 बार ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके हैं।

# हार्दिक पंड्या वापसी के लिए लगा रहे पूरा जोर

## जानें कब मैदान पर लौटेंगे मुंबई इंडियंस के कप्तान




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 अपने पड़ाव पर लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। वहीं पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी खबर है। मंगलवार को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस को अपने तीसरे लीग मैच में उतरना है। इससे पहले अच्छी बात ये है कि रविवार, 5 अप्रैल को हार्दिक पंड्या नेट्स में लौट आए हैं। उन्होंने टीम के साथ ट्रेनिंग शुरू कर दी है। शनिवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हुए दोपहर में मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में वे उपलब्ध नहीं थे।

सूर्यकुमार यादव ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस को लीड किया और टॉस के समय कन्फर्म किया था कि हार्दिक पंड्या बीमार हैं। मुंबई को हार्दिक की गैरमौजूदगी में कुछ बदलाव करने पड़े, जिसमें दीपक चाहर और कॉर्बिन बॉश को शामिल किया गया और ट्रेंट बोल्ट को बाहर किया गया। हालांकि, ये कॉम्बिनेशन काम नहीं आया, क्योंकि टीम को हार का सामना करना पड़ा। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक, ट्रेनिंग सेशन में हार्दिक अच्छे मूड में दिखे और मैदान पर वापसी कर सकते हैं।

वार्मअप करने के बाद हार्दिक पंड्या ने बॉलिंग से शुरूआत की। खाली नेट में बॉलिंग की और अच्छी पेस से यॉर्कर फेंकीं। बैटिंग कोच किरोन पोलार्ड के साथ वे नेट्स में नजर आए थे। उनके बल्ले पर बॉल अच्छी तरह से आ रही थी। जाहिर है कि वह अब मंगलवार को होने वाले मैच के लिए पूरी तरह फिट हो सकते हैं। मुंबई आज भी ट्रेनिंग करेगी, जहां चीजें पूरी तरफ स्पष्ट हो जाएंगी। हार्दिक पंड्या ने आईपीएएल 2026 के एमआई के पहले मैच में 3 ओवर में 39 रन देकर एक विकेट लिया था, जबकि बल्ले से 11 गेंद 18 रन बनाए थे।

# कहां खो गया विश्वकप हीरो सैमसन का फॉर्म ?

## कोच फ्लेमिंग ने किया बचाव, ऋतुराज ने हार की जिम्मेदारी ली



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में संजू सैमसन का खराब फॉर्म जारी है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए वह लगातार तीसरे मैच में भी सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हो गए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 251 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन सिर्फ नौ रन ही बना सके। यह वही बल्लेबाज हैं जिन्होंने हाल ही में टी20 विश्वकप 2026 में शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन आईपीएल में उनकी लय पूरी तरह गायब नजर आ रही है।

### फ्लेमिंग ने किया बचाव, बोले- समय लगेगा

सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने सैमसन का बचाव करते हुए कहा, 'जब आप लंबे समय तक किसी एक फ्रेंचाइजी के साथ रहते हैं, तो नई टीम में ढलना आसान नहीं होता। भले ही वह खुद को सहज महसूस कर रहे हों, लेकिन टीम से जुड़ाव बनने में थोड़ा समय लगता है। वह अभी इस टीम के साथ तालमेल बैठाने की प्रक्रिया में हैं, और टीम में भी कई बदलाव हुए हैं, इसलिए यह पूरी तरह से सेटअप नहीं है।'

फ्लेमिंग ने आगे कहा, 'हम मैदान के बाहर भी काम कर रहे हैं ताकि टीम के बीच तालमेल मजबूत हो सके। वह पूरी तरह फिट हैं और रन बनाने के लिए उत्सुक हैं, जैसे ऋतुराज और बाकी सीनियर खिलाड़ी हैं।' उन्होंने सैमसन के समर्थन में यह भी जोड़ा, 'टी20 क्रिकेट तेजी से बदलता है। हमने वर्ल्ड कप में देखा कि एक बल्लेबाज जब लय में आता है, तो कितना खतरनाक हो सकता है। सैमसन भी वैसे ही खिलाड़ी हैं। हमारी तरफ से उन्हें पूरा समर्थन और भरोसा मिलेगा।'

### आरसीबी ने किया सीएसके का काम तमाम

मैच की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि, आरसीबी की पारी के 15 ओवर तक सीएसके ने मुकाबले में पकड़ बनाए रखी थी, लेकिन आखिरी पांच ओवरों में 97 रन लुटा दिए। टिम डेविड और कप्तान रजत पाटीदार ने मिलकर सीएसके के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और 97 रन जोड़े।

### नो-बॉल ने बढ़ाई मुश्किल

18वें ओवर में अंशुल कंबोज ने डेविड को बोल्ड कर दिया था, लेकिन वह नो-बॉल निकली। इसके बाद डेविड ने मैच पूरी तरह बदल दिया। फ्लेमिंग ने इस पर कहा, 'दबाव में सही एग्जीक्यूशन जरूरी होता है। टिम डेविड जैसे बल्लेबाज के खिलाफ आपको बिल्कुल सटीक रहना पड़ता है। हम थोड़े पीछे रह गए और उन्होंने लय पकड़ ली। नो-बॉल भी अहम रही, वहां करीब 40 रन का फर्क पड़ा। छोटी-छोटी गलतियां बड़े नुकसान में बदल गईं।'

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने हार की पूरी जिम्मेदारी खुद पर ली। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अगर मैं टॉप ऑर्डर में थोड़ा और योगदान देता, तो शायद हम यह लक्ष्य हासिल कर सकते थे। इसलिए आज की हार की जिम्मेदारी मेरी है।' ऋतुराज खुद भी इस मैच में सिर्फ सात रन बनाकर आउट हो गए थे, जिससे टीम को शुरूआती झटका लगा।

हालांकि, सीएसके की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम 30/3 पर पहुंच गई, लेकिन सरफराज खान (50), प्रशांत वीर (43) और जेमी ओवरटन (37) ने टीम को संभालने की कोशिश की। इसके बावजूद टीम 43 रन से मैच हार गई और अब तक इस सीजन में जीत का खाता नहीं खोल पाई है।

# आईपीएल में सात खिलाड़ियों ने लगाई प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड की हैट्रिक




**नई दिल्ली।** आईपीएल में लगातार तीन मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतना किसी असाधारण फॉर्म और आत्मविश्वास का संकेत होता है। अब तक कोई खिलाड़ी लगातार चार बार यह खिताब नहीं जीत पाया है, लेकिन कई दिग्गजों ने तीन मैचों तक अपनी बादशाहत कायम रखी है। इस खास लिस्ट में अब एक नया नाम जुड़ गया है और वह खिलाड़ी है समीर रिजवी।

## समीर रिजवी : नए दौर का उभरता सितारा

समीर रिजवी ने आईपीएल 2025 में दिल्ली के आखिरी मैच में और 2026 के शुरूआती दोनों मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' अवॉर्ड जीतकर खुद को इस खास क्लब में शामिल कर लिया। उन्होंने 2025 सीजन के आखिरी मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ सिर्फ 25 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाकर 207 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की थी। इसके बाद 2026 सीजन की शुरूआत में उन्होंने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में 70 रन बनाए और फिर मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 गेंदों में 90 रन की शानदार पारी खेली। खास बात यह रही कि उनके दो प्रदर्शन इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आए, जिसने उनकी उपयोगिता और बढ़ा दी।

## जैक कैलिस : ऑलराउंड प्रदर्शन की मिसाल

जैक इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी थे। 2010 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते हुए उन्होंने पहले मैच में 55 गेंदों पर नाबाद 89 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 44 रन और दो विकेट लेकर टीम को 10 विकेट से जीत दिलाई। तीसरे मैच में उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 66 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई। उनके प्रदर्शन में निरंतरता और संतुलन साफ दिखा।

## वीरेंद्र सहवाग : कप्तानी में भी धमाका

वीरेंद्र सहवाग ने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के कप्तान रहते हुए यह कारनामा किया। उन्होंने पुणे के खिलाफ नाबाद 87 रन बनाकर आसान जीत दिलाई। इसके बाद मुंबई इंडियंस के खिलाफ 39 गेंदों में 73 रन और फिर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 63 रन की पारी खेलकर टीम को रोमांचक जीत दिलाई। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने टीम को लगातार मजबूती दी।

## एरॉन फिंच : रन चेज के हीरो

एरॉन फिंच ने गुजरात लायंस के लिए खेलते हुए लगातार तीन मैचों में अर्धशतक जड़कर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पंजाब, पुणे और मुंबई के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार पारियां खेलीं। मुंबई के खिलाफ उनकी 54 गेंदों में 67 रन की पारी खास रही, जिसमें आखिरी गेंद पर जीत मिली। यह उनकी मैच फिनिशिंग क्षमता का शानदार उदाहरण था।

## विराट कोहली : रिकॉर्ड तोड़ सीजन

विराट कोहली ने 2016 के ऐतिहासिक सीजन में यह उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने 973 रन बनाए थे। उन्होंने कोलकाता और दिल्ली के खिलाफ तेज अर्धशतक लगाए और फिर पंजाब के खिलाफ 50 गेंदों में 113 रन की धमाकेदार पारी खेली। उनकी इस पारी में 12 चौके और 8 छक्के शामिल थे, जो आईपीएल इतिहास की यादगार पारियों में गिनी जाती है।

## जोस बटलर : दमदार प्रदर्शन से जीता दिल

जोस बटलर ने 2018 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए लगातार तीन मैचों में 80+ स्कोर बनाए। उन्होंने पंजाब के खिलाफ 82, चेन्नई के खिलाफ 95* और मुंबई के खिलाफ 94* रन बनाए। उनकी पारियों में शानदार स्ट्राइक रेट और लंबी बल्लेबाजी देखने को मिली, जो किसी भी ओपनर के लिए आदर्श मानी जाती है।

## ऋतुराज गायकवाड़ : गजब की पारियां

ऋतुराज गायकवाड़ ने 2020 में अपने पहले ही आईपीएल सीजन में यह कारनामा किया। उन्होंने आरसीबी, केकेआर और पंजाब के खिलाफ लगातार तीन अर्धशतक लगाकर चेन्नई सुपर किंग्स को जीत दिलाई। उनकी शांत और तकनीकी बल्लेबाजी ने उन्हें एक भरोसेमंद खिलाड़ी बना दिया।

07 April -26 page 6 06-04-2026 10:31 PM Page 1






# मोदीनगर में 10 दिन से नाले का पानी सड़कों पर, लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त

### - गंदे पानी में बीमारी फैलाने वाले कीट पतंग भी पनप रहे



**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर में सड़क किनारे बने नाले के ओवरफ्लो होने के चलते हुए जलभराव को 10 दिन से अधिक हो चुके हैं, लेकिन इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

वहीं, जलभराव के कारण पार्क के आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं गंदा पानी आसपास की दुकानों में भी भर रहा है। कई स्थान पर नाले का पानी सड़क पर भी पहुंच रहा है।

दिल्ली मेरठ मार्ग के किनारे से गुजरने वाला नाला बीते पांच 10 से ब्लाक मुख्यालय के निकट बाधित हो गया है, जिसके चलते ब्लाक से लेकर रावली मार्ग के बीच करीब आधा किलोमीटर तक सड़क किनारे गंदा पानी भरा हुआ है। जलभराव के चलते नाले आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ब्लाक निकट ही डा आंबेडकर पार्क है। पार्क के गेट के सामने और दीवार के किनारे पानी भरने से वहां आने वाले लोगों की गतिविधि प्रभावित हो रही है। गंदे पानी में बीमारी फैलाने वाले कीट पतंग भी पनपने लगे हैं।

इसके अलावा सड़क किनारे स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने भी पानी भर गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते 10 दिनों से नाले का गंदा पानी सड़क किनारे भरा हुआ है। सड़क किनारे दुकानों के अलावा गंदा नमो भारत स्टेशन के पार्किंग के पास तक पहुंचनें लगा है। जलभराव के कारण स्टेशन में आने वाले लोगों को परेशानी हो रही हैं। इसके बाद भी अभी तक प्रशासन ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। नगरपालिका के ईओ डा शैलेंद्र सिंह का कहना है कि सफाई होने के बाद नाले को खोल दिया गया है, कुछ ही दिनों में लोगों को जलभराव से निजात मिलेगी।

## बस की टक्कर से हाइवे से सर्विस रोड पर गिरा ट्रैक्टर चालक, एक की मौके पर मौत, सात लोग हुए घायल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के राहुल विहार के सामने सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे दिल्ली से आई रोडवेज बस ने सामने जा रहे सरियों से लदे ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसा और उसका चालक एनएच-09 से नीचे सर्विस रोड पर जा गिरा। ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय यादव (30) निवासी लालकुआं के रूप में हुई है। हादसे में बस चालक सहित सात यात्री भी घायल हो गए।

बस चालक विपिन कुमार निवासी नौगवा पोखरिया सोनगिरी पीलीभीत की हालत नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल से हॉयर सेंटर रोफर किया गया है। जबकि अन्य घायलों में अंकित (28) पुत्र मनोज निवासी ग्राम नेगपुर सुभाष नगर बरेली, विकास (18) पुत्र चौखे लाल निवासी नवाबगंज बरेली, कमल (25) पुत्र एतराम निवासी ग्राम सुचइया झाझर देवाना पिथौरगढ, अखलाक अहमद (42) पुत्र मुख्तार अहमद निवासी ग्राम दुहाई टांडा बरेली, इकराम (30) पुत्र सुमाइला निवासी मयूर विहार फेस तृतीय दिल्ली और कृष्णा मंडल (35) वर्ष पुत्र निरंजन निवासी भूरा कॉलोनी योरा हुसेनपुर पीलीभीत शामिल हैं।

इनमें से सभी को प्राथमिकी उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। बस चालक विपिन दिल्ली रेफर किया गया है। जबकि ट्रैक्टर चालक अजय यादव के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और ट्रैक्टर कब्जे में ले लिए हैं।

## 'पोषण भी, पढ़ाई भी' अभियान के तहत आंगनबाड़ी शिक्षा की वार्षिक समीक्षा संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से विकास भवन के सभागार में 'पोषण भी, पढ़ाई भी' कार्यक्रम की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की भविष्य की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पोषण ट्रैकर पर केंद्र खोलने के उपरांत बच्चों के साथ संचालित की जाने वाली शैक्षणिक गतिविधियों को निर्धारित व्हाट्सएप समूह पर अनिवार्य रूप से साझा करें।

उन्होंने सुपरवाइजरों को कड़े निर्देश दिए कि वे कार्यकत्रियों की शत-प्रतिशत सक्रियता सुनिश्चित करें और क्षेत्र में उनका नियमित मार्गदर्शन करें। रॉकेट लर्निंग संस्था के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए सीडीओ ने कहा कि डिजिटल कंटेंट और सोशल-इमोशनल लर्निंग के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव हो पा रहा है। सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना इस दिशा में एक बेहतरीन कदम है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में अपने क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में रॉकेट लर्निंग संस्था की ओर से राज्य प्रोग्राम लीड प्रवीण वर्मा, कार्यक्रम प्रबंधक चंद्र प्रकाश, जिला समन्वयक शाहिना इकबाल और आयुषी कटियार ने भी अपने विचार साझा किए और तकनीकी सहयोग का आश्वासन दिया।

## घर में घुसकर अधेड़ को मारी गोली



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर में बीती रात बदमाशों ने घर में घुसकर एक बुजुर्ग पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने 55 वर्षीय शिव कुमार के सिर में गोली मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

घायल के पुत्र उमेश कुमार जाटव द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, घटना 5 अप्रैल की रात करीब 11 बजे की है। शिव कुमार अपने घर पर ही परचून की दुकान चलाते हैं और दुकान बंद करके वे घर के अंदर ही थे। तभी गांव के ही रहने वाले मिंटू उर्फ पिकेस पुत्र जितेन्द्र, शुभम पौत्र धर्मवीर, क्रिश, मिंटू की मां सोनिया, मोंटी जलालाबाद और राज पुत्र जितेन्द्र व कुछ अन्य अज्ञात लोगों के साथ उनके घर में घुस आए।

आरोप है कि मिंटू उर्फ पिकेस ने जान से मारने की नियत से तमंचा निकाला और शिव कुमार के सिर में गोली मार दी। उमेश ने बताया कि अचानक हुई गोलीबारी से पूरा परिवार दहशत में आ गया और अपनी जान बचाने के लिए घर में छिप गया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने तुरंत घटना की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी और घायल शिव कुमार को अस्पताल पहुंचाया।

गोली सिर में सीधी आंख के ऊपर माथे में लगकर सिर में अंदर फंसी हुई है, घायल का ब्लड प्रेशर ज्यादा हो रहा है, नियंत्रण करके ही चिकित्सक सिर में फंसी गोली को निकालेंगे। शिव कुमार वर्ष 2005 में बीडीसी सदस्य रह चुके हैं और वर्ष 2015 व 2020 में प्रधान पद का चुनाव भी लड़ चुके हैं, 2020 के चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे थे। बहुत कम अंतर से हारे थे।

एसीपी मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि घायल के बेटे उमेश कुमार की दी गई शिकायत के आधार पर आरोपी मिंटू उर्फ पिकेस पुत्र जितेन्द्र, शुभम पौत्र धर्मवीर, क्रिश, राज व मिंटू की मां निवासीगण नूरपुर के अलावा मोंटी निवासी ग्राम जलालाबाद मुरादनगर और कुछ अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच-पड़ताल की जा रही है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## रेलवे ट्रैक सुरक्षाः गुरुग्राम पुलिस करेगी घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मार्च महीने में गाजियाबाद, सोनीपत समेत अन्य जिलों में रेलवे ट्रैक के पास खंबो में जसूसी कैमरों के मिलने के बाद प्रदेशभर में अलर्ट जारी किया गया है। इसी के तहत रेलवे पुलिस को भी एहतियातन निगरानी बढ़ाने के निर्देश हैं। गुरुग्राम आरपीएफ और जीआरपी टीमें लगातार ट्रैक की निगरानी कर रही हैं तो दूसरी ओर अब ट्रैक के पास वाले घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच करने की तैयारी चल रही है।

14 मार्च को गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन इलाके में पुलिस ने ऐसे संदिग्ध जासूसी नेटवर्क का पदार्फाश किया था, जो पाकिस्तान में बैठे आकाओं को देश के सैन्य ठिकानों और महत्वपूर्ण स्थानों की संवेदनशील वीडियो-फोटो भेजकर उनको अहम जानकारी दे रहा था।

इस मामले में गाजियाबाद की कौशांबी थाना पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया था। उनसे काफी अहम जानकारियां मिली थीं। पता चला कि अंबाला, सोनीपत, दिल्ली कैंट सहित कई रेलवे स्टेशन और सैन्य ठिकानों के आसपास सीसीटीवी आरोपितों ने लगाए।

इसकी जानकारी मिलने के बाद हरियाणा रेलवे पुलिस अधिकारियों ने हर जिले की आरपीएफ और जीआरपी को चौकन्ना रहने और रेलवे ट्रैक की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। गुरुग्राम आरपीएफ के अनुसार आरपीएफ और जीआरपी की कई टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों को अलग-अलग क्षेत्र दिया गया है।

पुलिस बल रेलवे परिसर के साथ-साथ ट्रैक के पास लगे खंबों पर विशेष नजर बनाए हुए है। हालांकि, कहीं से भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। कोई कैमरा गुरुग्राम क्षेत्र से बरामद नहीं हुआ। अब पुलिस रेलवे ट्रैक के आसपास बने घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करेगी। ऐसे घरों को चिह्नित किया जा रहा है, जिनके घरों के आगे सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और उनका डायरेक्शन रेलवे ट्रैक की तरफ है। घरों के मालिक से कैमरों के बारे में जानकारी ली जाएगी। उनकी फुटेज चेक की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे लगाने का उद्देश्य भी पूछा जाएगा। कहीं से कुछ संदिग्ध बात मिलती है तो अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जाएगी।

## चिरंजीव विहार में बंद मकान का दरवाजा तोड़कर चोरी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** चिरंजीव विहार इलाके में एक बंद मकान का दरवाजा तोड़कर घर 70 हजार रुपए चोरी करने का आरोप मकान मालिक ने लगाया है। घटना रविवार रात की है। पीड़ित की शिकायत पर देर रात कविनगर थाने में केस दर्ज किया गया है। चिरंजीव विहार सेक्टर 3 निवासी रजत कुमार गोस्वामी के मुताबिक रविवार को वह स्वजन के साथ बाहर गए हुए थे। देर रात जब वापस लौटकर आए तो उन्हें मुख्य दरवाजा टूटा हुआ मिला। घर के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। अलमारी टूटी पाई गई। उनके घर करीब 70 हजार रुपए की नकदी भी चोरी हुई है। पीड़ित ने देर रात ही पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज कराया है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य के मुताबिक मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपितों की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

## भाकियू (बलराज) संगठन ने एनपीसीएल के विरोध में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी के आहवान पर आज संगठन के कार्यकताओं ने बिजली कंपनी एनपीसीएल के विरोध में जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाध्यक्ष जोगेन्द्र नागर उर्फ खिजजू पहलवान के नेतृत्व सौंपा गया। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय महासचिव विपिन खारी बताया कि एनपीसीएल अधिकारियों ने गौतमबुद्धनगर के निवासियों के साथ खुली लूट मचा रखी है। नये बिजली कनेक्शन के नाम पर उपभोक्ताओं से 25 हजार तक लिए जाते हैं। जिसमें दूरी बढ़ने पर 70 रुपए स्क्वायर फीट के हिसाब से वसूल किये जाते हैं। जबकि पूर्व में ऐसा कोई प्रावधान नही था। एनपीसीएल द्वारा लगाये गये मीटरों की रीडिंग फास्ट एवं बिलिंग में गडबडी की जाती है जिससे बिल अनाप-शनाप आतें हैं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौ. शौकत अली चेची ने बताया कि एनपीसीएल कंपनी का तानाशाही रवैया उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है।

## 15 अप्रैल से एचएसआरपी अनिवार्य, बिना हाई सिक्योरिटी प्लेट नहीं मिलेगा पीयूसी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** परिवहन विभाग ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि 15 अप्रैल के बाद जिन वाहनों पर एचएसआरपी नहीं लगी होगी, उनका प्रदूषण प्रमाण पत्र (पीयूसी) जारी नहीं किया जाएगा। शासन से मिले निर्देशों के बाद यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में 40 हजार दोपहिया और चारपहिया वाहन अब भी बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। परिवहन विभाग का मानना है कि कई बार नोटिस और अपील के बावजूद वाहन स्वामी इस नियम को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अब पीयूसी को एचएसआरपी से जोड़कर इसे अनिवार्य करने की तैयारी कर ली गई है।

एआरटीओ प्रशासन अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र सरकार के नियमों के तहत एचएसआरपी सुरक्षा की दृष्टि से अनिवार्य है। इससे वाहन की पहचान आसानी से की जा सकती है। चोरी, अपराध या संदिग्ध गतिविधियों में प्रयुक्त वाहनों की निगरानी में भी यह नंबर प्लेट बेहद उपयोगी साबित होती है।

इसी उद्देश्य से शासन स्तर पर सख्ती बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि यदि किसी वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र समाप्त हो जाता है और उस पर एचएसआरपी नहीं लगी है तो पीयूसी जारी नहीं किया जाएगा। ऐसी स्थिति में वाहन सड़क पर चलाते पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 10 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है।

वहीं बिना एचएसआरपी वाहन संचालन पर पांच हजार रुपये तक का दंड निर्धारित है। विभाग ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवा लें, ताकि जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

## लोहे से भरा ट्रक चुरा ले गए चोर



**लोनी करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रीत ब्रदर्स लिमिटेड कंपनी के बाहर खड़े ट्रक को अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। ट्रक में 4200 किग्रा लोहा भरा था। मामला तीन अप्रैल की रात का है। पुलिस ने चार अप्रैल को कंपनी के एचआर हेड जॉय चंद्रा सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

दर्ज मामले में जॉय चंद्रा सिंह ने बताया कि तीन अप्रैल की रात फैक्टरी से 4200 किग्रा लोहा हरियाणा के सोनीपत स्थित केटीटी आईएनसी नामक कंपनी में जाना था। श्रमिकों ने गाड़ी में माल भरकर बाहर ही छोड़ दी। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति मौका पाकर ट्रक चुराकर भाग गया। कुछ देर बाद श्रमिक जब फैक्टरी से बाहर आए तब ट्रक चोरी का पता चला। इसके बाद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। एक अज्ञात व्यक्ति ट्रक ले जाता दिखाई दिया। तब उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि ट्रक समेत माल की कीमत लाखों में है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल को दोबारा मिला 'गूगल रेफरेंस स्कूल' का वैश्विक सम्मान, एआई शिक्षा में बना अग्रणी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डिजिटल शिक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गाजियाबाद के नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने एक बार फिर 'गूगल फॉर एजुकेशन रेफरेंस इंस्टीट्यूशन' के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त की है। यह सम्मान विद्यालय द्वारा शिक्षण में गूगल टूल्स और उन्नत एआई तकनीकों के प्रभावी उपयोग के लिए दिया गया है। विद्यालय ने गूगल वर्कस्पेस और जेमिनी जैसे एआई प्लेटफॉर्म्स को अपनी शिक्षण पद्धति का हिस्सा बनाया है।

रेफरेंस स्कूल के रूप में नेहरू वर्ल्ड स्कूल अब अन्य संस्थानों के लिए डिजिटल परिवर्तन का एक रोल मॉडल बन गया है। संस्थान का उद्देश्य शिक्षकों को तकनीक से लैस करना और छात्रों के लिए सीखने की प्रक्रिया को अधिक व्यक्तिगत व सुलभ बनाना है। विद्यालय के निदेशक डॉ. अरुणाभ सिंह ने इस अवसर पर कहा कि तकनीक का उद्देश्य मानव बुद्धिमत्ता को हटाना नहीं, बल्कि उसे विस्तार देना है। 1978 में स्थापित यह संस्थान सीबीएसई और कैम्ब्रिज बोर्ड के माध्यम से एनसीआर में 21वीं सदी की आधुनिक शिक्षा का नेतृत्व कर रहा है।




## सूचनाओं में लापरवाही पर कब होगा एक्शन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जूम मीटिंग के बाद जिस तरीके से धमाकेदार तबादला पोस्टिंग हुई है, उसके बाद कई और जानकारी बाहर निकल कर आ रही हैं। अब जानकारी यह है कि आने वाले समय में सूचनाओं में लापरवाही करने वालों पर एक्शन होगा। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से एक सर्किल के दोनों टू-स्टार हटाए गए हैं, उसकी चर्चा बहुत दूर तक हो रही है। वहीं बताया यह जा रहा है कि जिस तरीके से देहात वाले इलाके में एक एसीपी का नाम रैली के आयोजन के दौरान रिश्तों का हवाला दे रहे हैं यह वीडियो जमकर वायरल हो गई है। उधर सवाल इंटेलीजेंस और जानकारी जुटाने वालों पर भी है, जिनको यह मालूम नहीं था कि इस जुलूस में क्या-क्या कहा जाएगा। क्या-क्या प्रदर्शनी और प्रोग्राम किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि महिला अपराध के मामलों में लापरवाही करने वाले कई और पुलिसकर्मी आने वाले दिनों में कार्रवाई का शिकार हो सकते हैं। बताया जा रहा है जिस तरीके से सिटी में दो अलग-अलग थानाक्षेत्रों के मामले आए थे, कार्रवाई अभी केवल एक पर ही हुई है। दूसरों के लिए वेट हो रहा है। इन सबके बीच जिस तरीके से ऑपरेशन प्रहार का प्रचार शुरू किया गया है लेकिन शहर के अभी भी तमाम घनी आबादी वाले वह इलाके हैं, जहां बेहद आसानी से माल लाने ले जाने और सप्लाई का धंधा चल रहा है। इसमें लोकल पुलिस की जांच सबसे ज्यादा संदिग्धता के घेरे में है। पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में जल्द ही कुछ बेहद गोपनीय जांच होगी और फिर आंच आएगी। जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कर्मियों द्वारा खुलेआम रिश्वत का खेल शुरू किया था, तो फिर मेरठ वाली टीम ने अपना नेटवर्क बढ़ाया और एक के बाद एक कई स्तर के अधिकारियों को हवालात पहुंचा, उसके बाद इसमें थोड़ी कमी बताई जा रही है लेकिन बीते कुछ दिनों से जिस तरीके से महिला अपराध के मामलों को लेकर छुपाने, दबाने और कार्रवाई न करने की शिकायतें साहब के कार्यालय तक पहुंचनी शुरू हुई है। उसके बाद कहा जा रहा है की सूचना में लापरवाही करने वालों पर जल्द बड़ा एक्शन होगा। सूत्र तो यह भी जानकारी दे रहे हैं कि अगर गाजियाबाद में किसी आईपीएस की पोस्टिंग नहीं होती है, तो आने वाले दिनों में एसीपी स्तर के अधिकारियों की तैनाती पर भी इन सूचना छुपाने वाले मामलों की परछाई पड़ेगी।



## गर्मी से पहले ही खोड़ा कॉलोनी में पानी की विकट समस्या, महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अभी गर्मी ठीक से पड़ी नहीं है, लेकिन खोड़ा कॉलोनी में पानी की समस्या देखी जा रही है। शंकर विहार में पानी की समस्या को लेकर नाराज महिलाओं ने सोमवार को जबरदस्त प्रदर्शन किया। खोडा रेजिडेंट्स एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

नाराज महिलाओं का कहना है कि खोड़ा में पानी की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है लेकिन ना तो पालिका अध्यक्ष ध्यान दे रही है और ना ही विधायक। यहां के विधायक प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री है। खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी ने बताया कि आश्वासन देने के बाद भी खोड़ा कॉलोनी में पानी की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

ऐसा लगता है कि यहां पानी की समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों का कोई लेना देना नहीं है। विधायक, सांसद एवं नगर पालिका अध्यक्ष पानी पर बोलने से कतराते हैं। जिस पानी के नाम पर उन्होंने वोट मांगा था, आज पानी की समस्या पर कोई भी खुलकर बोलने के लिए तैयार नहीं है। आज जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। दीपक जोशी ने बताया कि जनता आगामी 2027 के चुनाव में अब इन्हें वोट नहीं देगी। उन्होंने बताया जल्द पानी की मांग को लेकर धरने पर बैठने की रणनीति बनाई जा रही है। खोड़ा नगर पालिका चुनाव के दौरान नल से जल देने का वादा किया था। इसी वादे पर खोड़ा के लोगों ने वोटिंग की थी लेकिन इतने साल बीत जाने के बाद भी खोडा को जल नसीब नहीं हुआ। पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह की पहल पर नोएडा से गंगाजल सप्लाई की योजना बनाई गई थी लेकिन यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई।



यहां जल की समस्या का समाधान को लेकर खुदा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने लंबा आंदोलन चलाया था यहां तक के प्रधानमंत्री के कार्यालय तक पैदल मार्च किया था कई बार पानी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया गया था इसके बाद भी खोडा के लोगों की पानी की समस्या का समाधान के लिए कोई पहल नहीं की गई खोड़ा में करीब 10 लाख की आबादी बसावट करती है लेकिन यहां पेयजल की सुविधा नहीं है लोगों को बोरिंग से जल हासिल करना पड़ता है जल का स्तर भी काफी नीचे पहुंच गया है।

## विदेशी महिला के घर से लाखों के जेवरात चुराने वाली घरेलू सहायिका गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-20 स्थित एक अमेरिकन नागरिक महिला के घर में घरेलू कार्य करने वाली दो घरेलू सहायिका कामकाज के दौरान घर से लाखों रुपए कीमत के जेवरात चोरी कर फरार हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित महिला को सोमवार को लखनऊ हवाई अड्डे के पास से गिरफ्तार किया है। इसके पास से 2 लाख रुपए नकद बरामद हुआ है।

थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि थाने में एक फरवरी को सुभा गंगल पत्नी प्रफुल्ल मित्तल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह शिकागो अमेरिका के निवासी हैं। उनकी मां मीना सेक्टर-20 के डी- ब्लॉक में रहती हैं। पीड़िता के अनुसार वह एक शादी में भाग लेने के लिए भारत आई थी। वह अपनी मां के घर पर रुकी थी। पीड़ित महिला के अनुसार उसने अपने हीरे और सोने के जेवरात उतार कर अलमारी में रख दिया था। उसकी मां को घरेलू कार्य के लिए घरेलू सहायिका की जरूरत थी। 31 जनवरी को सुबह 9 बजे 2 अज्ञात महिलाएं घरेलू कार्य के लिए आई। घर का कार्य करते-करते धोखा देकर उन्होंने घर में रखे हुए लाखों रुपए कीमत के हीरे और सोने के जेवरात चोरी कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने सोमवार को एक सूचना के आधार रूबी देवी पत्नी मनोज शाह को लखनऊ हवाई अड्डे के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Satendra Shishodia
55m ·

प्यारी बेटी सानवी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक बेटी हमेशा से अपने पिता का अभिमान होती है। एक बेटी के लिए उसके पिता उसके सपनों का एक पूरा आसमान होते हैं। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने अपनी बेटी सानवी के जन्मदिन पर उसके लिए सर्वमंगल की कामना की और समस्त खुशियों को मांगते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। एक पिता और पुत्री के स्नेहिल रिश्ते का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।






# ईरान-अमेरिका टकराव तेज, वार्ता से पीछे हटा तेहरान

## अमेरिका के 15 सूत्रीय प्रस्ताव को बताया अत्यधिक मांगों वाला

### हमले जारी रहने तक सीधी बातचीत से साफ इनकार





**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी जंग हर दिन नए मोड़ ले रहे हैं। जहां अमेरिका राष्ट्रपति ने डील न करने पर ईरान पर मंगलवार को बड़े हमले की चेतावनी दी है, तो वहीं ईरान ने अमेरिकी की ओर से भेजे गए शांति प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। पिछले एक महीने से अधिक समय से ईरान, अमेरिका और इस्राइल के बीच जारी युद्ध ने पूरी दुनिया पर गंभीर असर डाला है। लगातार हो रहे हवाई हमलों, मिसाइल हमलों और जवाबी कार्रवाइयों ने पश्चिम एशिया के हालातों को और गंभीर बना दिया है।

इसी बीच ऐसी खबरें भी सामने आ रही हैं कि ईरान और अमेरिका दोनों ही संघर्ष रोकने के लिए बातचीत कर सकते हैं। इससे पहले रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को डील करने के लिए सोमवार तक का वक्त दिया है।

**ईरान के विदेश मंत्री की भारतीय और रूसी समकक्षों के साथ फोन पर बातचीत :** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे क्षेत्रीय संघर्ष पर रूस और भारत के विदेश मंत्रियों से बातचीत की। ईरानी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयानों के अनुसार, रविवार को हुई दो अलग-अलग फोन कॉल में अराघची ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ पश्चिम एशिया की ताजा स्थिति और अमेरिका व इजराइल के हमलों के सुरक्षा और आर्थिक असर पर चर्चा की।

अराघची ने बताया कि पिछले 37 दिनों में अमेरिका और इजरायल ने ईरान के लोगों के खिलाफ कई हमले किए हैं। इनमें औद्योगिक ढांचे, फैक्ट्रियों, अस्पतालों, स्कूलों, रिहायशी इलाकों और परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से जुड़े प्रभावशाली देशों से अपील की कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर जिम्मेदार रवैया अपनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की जनता और उसकी सेना अपने देश के हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका और इजरायल के हमलों का असर पूरे क्षेत्र और दुनिया की स्थिरता और सुरक्षा पर पड़ सकता है।

तस्नीम न्यूज एजेंसी ने खदेमी की मौत को क्रांति की हत्या बताते हुए एक्स पोस्ट में बताया कि ब्रिगेडियर खदेमी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की खुफिया शाखा के शक्तिशाली और शिक्षित प्रमुख सोमवार सुबह एक अमेरिकी-इजरायली हमले में शहीद हो गए। ईरान ने खदेमी की मौत को बड़ा नुकसान बताते हुए कहा कि उनकी विरासत देश की सुरक्षा नीतियों को आगे भी दिशा देती रहेगी। उनके अंतिम संस्कार को लेकर जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी। वहीं, इस्राइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने भी खुफिया प्रमुख खदेमी के मारे जाने की पुष्टि करते हुए अपनी सैन्य बल की तारीफ की।

#### आईआरजीसी के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल खदेमी की मौत

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की खुफिया विंग के प्रमुख मेजर जनरल खदेमी की मौत हो गई है। ईरानी स्टेट मीडिया ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की। ईरान ने इस हमले के लिए अमेरिका और इस्राइल को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे देश को अस्थिर करने की साजिश करार दिया है। आईआरजीसी के जनसंपर्क विभाग ने सोमवार को घोषणा की।

#### ईरान ने ठुकराया अमेरिका का 15 सूत्री शांति प्रस्ताव

ईरान ने अमेरिका के 15 पॉइंट वाले शांति प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ईरान ने कहा कि प्रस्ताव में मांगों को बहुत बढ़ाचढ़ाकर पेश किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघाई ने बताया कि यह प्रस्ताव अलग-अलग देशों के जरिए ईरान तक पहुंचा था, लेकिन इसमें कई ऐसी शर्तें हैं जिन्हें ईरान नहीं मान सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने अपनी तरफ से भी कुछ शर्तें तैयार कर ली हैं, जिन्हें सही समय आने पर बताया जाएगा। बाघाई ने साफ किया कि किसी प्रस्ताव पर जवाब देना कमजोरी नहीं होती, बल्कि यह बातचीत का सामान्य हिस्सा है। ईरान ने दोहराया कि वह किसी भी दबाव में आकर फैसला नहीं करेगा और जो भी निर्णय होगा, वह सिर्फ देश के हित को ध्यान में रखकर ही लिया जाएगा।

#### अस्थायी युद्धविराम के बदले होर्मुज खोलने से किया इनकार

ईरान ने कहा है कि वह अस्थायी युद्ध के बदले होर्मुज स्ट्रेट खोलने को मना कर दिया है। रॉयटर्स के मुताबिक एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान के प्रस्ताव की समीक्षा चल रही है, लेकिन दबाव में फैसला नहीं लिया जाएगा।अधिकारी के मुताबिक, तेहरान अस्थायी युद्धविराम के बदले कोई रियायत नहीं देगा और होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोलेगा। उन्होंने कहा कि ईरान को लगता है कि अमेरिका स्थायी युद्धविराम के लिए तैयार नहीं है, इसलिए अस्थायी डील का कोई मतलब नहीं है। अधिकारी ने पुष्टि की कि पाकिस्तान की ओर से तत्काल युद्धविराम का प्रस्ताव मिला है, जिस पर विचार किया जा रहा है।

# रूस के मिसाइल दिग्गज अलेक्जेंडर लियोनोव का निधन

## ब्रह्मोस-जिरकॉन प्रोजेक्ट को बड़ा झटका

### 74 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा, रक्षा तकनीक को अपूरणीय क्षति




**मॉस्को।** रूस के शीर्ष मिसाइल डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे जिरकॉन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल और भारत-रूस के संयुक्त प्रोजेक्ट ब्रह्मोस NG के विकास से जुड़े थे। रूस के एक प्रमुख मिसाइल डिजाइनर, अलेक्जेंडर लियोनोव, जिनका हाइपरसोनिक मिसाइल जिरकॉन और नई पीढ़ी की भारत-रूस ब्रह्मोस NG के विकास से जुड़ाव था, का रविवार को 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लियोनोव का निधन रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है।

अलेक्जेंडर लियोनोव, एनपीओमाशिंनोस्त्रोयेनिया के सीईओ और मुख्य डिजाइनर थे। यह संस्था नई दिल्ली स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस में रूसी संयुक्त उद्यम भागीदार है। आरबीसी समाचार पोर्टल के अनुसार, उनकी प्रेस सेवा ने उनकी मृत्यु के कारण या स्थान के बारे में तुरंत कोई जानकारी नहीं दी।

#### ब्रह्मोस NG और अन्य परियोजनाओं में योगदान

लियोनोव, जिन्हें 'हीरो ऑफ लेबर' के गोल्डन स्टार से सम्मानित किया गया था, ने अंतरिक्ष प्रणालियों और मिसाइल प्रणालियों पर डिजाइन कार्य का नेतृत्व किया। उन्होंने रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, ग्रेनाइट, वल्कन और बैस्टियन तटीय रक्षा प्रणालियों के विकास और अपनाने में भाग लिया, जिसमें ओनेक्स (ब्रह्मोस) मिसाइल भी शामिल थी। इसके अलावा, उन्होंने रूसी-भारतीय ब्रह्मोस खश के लिए और उन्नत हाइपरसोनिक वाहनों पर भी काम किया। उनके नेतृत्व और विशेषज्ञता ने रूस की मिसाइल प्रौद्योगिकी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

#### जिरकॉन मिसाइल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

लियोनोव को रूस की जिरकॉन मिसाइल के डिजाइन का श्रेय दिया जाता है। यह एक जहाज-आधारित हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसे सतह और जमीनी लक्ष्यों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। जिरकॉन, 3K22 मिसाइल प्रणाली का हिस्सा है, जिसने जनवरी 2023 में सेवा में प्रवेश किया था। यह मिसाइल सतह नौसैनिक प्लेटफार्मों और पनडुब्बियों से लॉन्च की जा सकती है और तटीय रक्षा के लिए भी इसे अपनाया जा सकता है।

# ट्रंप पर 25वां संशोधन की मांग तेज

### कैबिनेट से कार्रवाई की मांग बर्खास्तगी पर बहस तेज

## सांसदों ने मानसिक स्थिति पर उठाए सवाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप को पद से हटाने की मांग उठ गई है। दरअसल ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में ईरान के बारे में अपमानजनक बातें लिखी, जिसे लेकर ट्रंप आलोचकों के निशाने पर आ गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग हो रही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईस्टर की सुबह ईरान को टारगेट करते हुए अपशब्दों से भरा एक पोस्ट ट्रूथ सोशल पर साझा किया था। इसके बाद अमेरिकी सांसदों ने उनके खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी कांग्रेस के लोगों का कहना है कि ट्रंप शायद मानसिक तौर पर ठीक नहीं हैं।

#### क्या है 25वां संशोधन?

कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस मर्फी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अगर मैं ट्रंप की कैबिनेट में होता, तो मैं ईस्टर पर सांविधानिक वकीलों को 25वें संशोधन के बारे में बताता।' बता दें, अमेरिका का 25वां संशोधन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें उपराष्ट्रपति और कैबिनेट के ज्यादातर लोग अपनी ड्यूटी न कर पाने की वजह से राष्ट्रपति को बदलने का विकल्प चुन सकते हैं और फिर उपराष्ट्रपति प्रेसिडेंट की भूमिका निभाते हैं।



डेमोक्रेटिक सांसद यासमीन अंसारी ने भी पोस्ट किया, '25वां संशोधन किसी वजह से है।' पूर्व होस्ट मेहदी हसन ने लिखा, 'राष्ट्रपति का ईस्टर मैसेज, जिसके लिए वीपी और कैबिनेट को सच में 25वां संशोधन लागू करना चाहिए।' डेमोक्रेटिक रिप्रेजेंटेटिव मेलानी स्टैंसबरी की एक और अपील में कहा गया, 'सम्राट के पास कपड़े नहीं हैं। 25वें संशोधन का समय आ गया है।

कांग्रेस और कैबिनेट को कार्रवाई करनी चाहिए।' ट्रंप की पूर्व समर्थक माजोर्री टेलर ग्रीन ने एक लंबा पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से ट्रंप के पागलपन में दखल देने की अपील की। उन्होंने कहा, 'वो पागल हो चुके हैं और आप सभी इसमें शामिल हैं।'

#### ट्रंप ने पोस्ट में क्या लिखा था

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति के जिस पोस्ट को लेकर इतना बवाल मचा है, उसमें उन्होंने ईरान के लिए मंगलवार तक की चेतावनी जारी करते हुए ट्रूथ सोशल पर लिखा, 'ईरान में मंगलवार का दिन 'पावर प्लांट' और 'ब्रिज डे' के रूप में जाना जाएगा, जो अपनी तरह का अनोखा होगा। मूर्ख लोगों, इस जलमार्ग (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) को तुरंत खोलो, वरना नरक जैसी स्थिति झेलने के लिए तैयार रहो-बस देखते जाओ!'

# अमेरिका-इजराइल हमलों में ईरान को बड़ा झटका

## आईआरजीसी खुफिया प्रमुख माजिद खादेमी की मौत



**तेहरान।** अमेरिका और इस्राइल की ओर से जारी हमलों में ईरान को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका और इस्राइल के हमलों में ईरान के सबसे शक्तिशाली और विशिष्ट सैन्य बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (कक्र) के खुफिया प्रमुख की मौत हो गई है। माजिद खादेमी के मौत की पुष्टि ईरानी मीडिया ने भी कर दी है।

ईरान की सरकारी मीडिया ने सोमवार को पुष्टि करते हुए बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के खुफिया संगठन के प्रमुख माजिद खादेमी की मौत हो गई। रिपोर्ट में बताया गया कि सोमवार की तड़के सुबह एक हमले में माजिद खादेमी को मार दिया गया। आईआरजीसी ने उनकी मृत्यु की पुष्टि करते हुए इसे आपराधिक आतंकवादी हमले का नतीजा कहा। आईआरजीसी ने माजिद खादेमी की हत्या के लिए अमेरिकी-यहूदी शासन के दुश्मन को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, हमले की सटीक जगह का तुरंत पता नहीं चला सका था। मीडिया रिपोर्टों ने सोमवार की सुबह तेहरान और उसके आसपास के क्षेत्रों में इस्राइल-अमेरिका ने संपत्तियों को लक्षित करने वाले भारी हवाई हमलों को अंजाम दिया था।

ब्रिगेडियर जनरल माजिद खादेमी ईरान के सबसे शक्तिशाली सुरक्षा अधिकारियों में से एक थे। जून 2022 में, उन्हें आईआरजीसी के खुफिया संरक्षण संगठन का प्रमुख नियुक्त किया गया था। 2025 तक उन्होंने मोहम्मद काजेमी की जगह आईआरजीसी खुफिया संगठन के प्रमुख का पद संभाला था।

#### माजिद खादेमी का करियर

आईआरजीसी खुफिया प्रमुख (2025–2026): खादेमी को 19 जून, 2025 को आईआरजीसी खुफिया संगठन का प्रमुख नियुक्त किया गया था, जिन्होंने मोहम्मद काजेमी का स्थान लिया।

**खुफिया संरक्षण के प्रमुख** (2022–2025): मुख्य खुफिया विंग का नेतृत्व करने से पहले, उन्होंने आईआरजीसी खुफिया संरक्षण संगठन का नेतृत्व किया, जो संगठन के भीतर छिपे जासूसों को खोजने और आंतरिक निगरानी पर केंद्रित था।

#### मध्यस्थता की कोशिशों को लगेगा झटका

उनकी मृत्यु की घोषणा ऐसे समय में हुई जब पाकिस्तान, मिस्र और तुर्किए सहित कई देशों द्वारा मध्यस्थता की कोशिशें की जा रही हैं। इस मध्यस्थता बातचीत में 45-दिवसीय युद्धविराम ढांचे की समीक्षा वाशिंगटन और तेहरान दोनों द्वारा की जा रही है। हालांकि ईरान किसी भी तरह की बातचीत से इनकार करता रहा है।

### कुशलक्षेम






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। थाना मसूरी के नूरपुर गांव के गोली कांड के घायल हुए लोगों का कुशलक्षेम जानने के लिए बसपा के जिलाध्यक्ष मनोज जाटव यशोदा अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने घायलों के परिजनों से भी मुलाकात की। इस दौरान बसपा जिलाध्यक्ष के साथ सुशील गौतम नेता जी, महेश वर्मा एडवोकेट आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

#### दुबई में ट्रैफिक उल्लंघनों पर सख्त कार्रवाई 33,000 से ज्यादा चालान, 1,230 वाहन जब्त

नई दिल्ली। दुबई पुलिस ने रविवार को शहर में जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत 1,230 वाहन जब्त किए और 33,000 से अधिक ट्रैफिक चालान जारी किए।

दुबई पुलिस ने ह्यशांत सड़कें अभियान के तहत बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए 1,230 वाहनों को जब्त किया और 33,000 से अधिक चालान जारी किए।इस अभियान का उद्देश्य शहर में शांति बनाए रखना, सड़क सुरक्षा बढ़ाना और आवासीय इलाकों में होने वाले ट्रैफिक व्यवधान को कम करना है।

# मंगल शोभायात्रा पर रोक की मांग

## बोले- धार्मिक भावनाओं को पहुंचेगी ठेस, सांप्रदायिक तनाव बढ़ा



**ढाका।** बांग्लादेश में पहेला बैशाख उत्सव की प्रमुख शोभायात्रा ह्यमंगल शोभायात्रा को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता ने इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए खतरा बताया है। बांग्लादेश के पहेला बैशाख (बंगाली नववर्ष) उत्सव की प्रसिद्ध और यूनेस्को मान्यता प्राप्त परंपरा 'मंगल शोभायात्रा' इस साल विवादों में घिर गई है। बांग्लादेश मीडिया के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के वकील महमूदुल हसन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इस शोभायात्रा पर स्थायी प्रतिबंध की मांग की है। उन्होंने इसे धार्मिक विश्वासों के खिलाफ और आर्टिफिशियल परंपरा करार देते हुए कहा कि यह आम धार्मिक भावनाओं को आहत करती है और सांप्रदायिक सौहार्द, सार्वजनिक सुरक्षा तथा राष्ट्रीय स्थिरता के लिए खतरा है। याचिका में संस्कृति, धर्म और गृह मंत्रालय के सचिव, ढाका विश्वविद्यालय के उपकुलपति, ढाका के डिप्टी कमिश्नर और फाइन आर्ट्स फैकल्टी के डीन को प्रतिवादी बनाया गया है।

महामुदुल हसन का कहना है कि यह शोभायात्रा प्राचीन बंगाली परंपरा नहीं बल्कि 1989 में ह्यआनंद शोभायात्रा के नाम से शुरू की गई आधुनिक रचना है। उन्होंने बताया कि पक्षियों, मछलियों और जानवरों के विशाल पुतले लेकर खुशहाली की कामना करना इस्लामी विश्वासों के अनुसार सही नहीं है, क्योंकि मुसलमान केवल अल्लाह से ही आशीर्वाद मांगते हैं। बांग्लादेश में पहले जब शेख हसीना की सरकार नहीं थी, तब अस्थायी प्रशासन ने ह्यमंगलह्ल शब्द को शोभायात्रा के नाम से हटा दिया था। इसी कड़ी में इस साल के 1433वें बंगाली नववर्ष के लिए ढाका विश्वविद्यालय ने मार्च 30 को घोषणा की कि कार्यक्रम ह्यआनंद शोभायात्राह्ल के नाम से आयोजित होगा। हालांकि यह शोभायात्रा 2016 में यूनेस्को की मान्यता प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो चुकी है।

#### बांग्लादेश के पीएम तारिक और भारतीय उच्चायुक्त के बीच चर्चा

वहीं, भारत के बांग्लादेश उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने सोमवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने नई दिल्ली और ढाका के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में विशेष रूप से लोगों पर केंद्रित सहयोग और दोनों देशों की राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई।

# पाक रक्षा मंत्री की भारत को धमकी, कहा- जंग कोलकाता तक पहुंचेगी

## फॉल्स फ्लैग का आरोप, भारत पर झूठी साजिश रचने का दावा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है।

ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारत अपने लोगों या हिरासत में बंद पाकिस्तानियों का इस्तेमाल करके झूठा ड्रामा रचने की योजना बना रहा है। पिछले साल की तरह इस बार भारत को और ज्यादा शर्मिंदगी का सामना करना पड़ेगा। आसिफ ने आगे ये भी कहा कि शवों को कहीं रखकर पाकिस्तान पर आतंकवाद का आरोप लगाया जा सकता है, लेकिन उन्होंने (भारत ने) इस दावे के लिए कोई सबूत नहीं दिया। भारतीय रक्षा मंत्री बोले थे- पाकिस्तान ने गंदा खेल खेला तो जवाब देंगे ख्वाजा आसिफ के इस बयान पर भारत की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरलम में एक कार्यक्रम में पाकिस्तान को साफ चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान फिर कोई गलत कदम उठाएगा तो भारतीय सेना निर्णायक जवाब देगी। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और अगर पाकिस्तान ने दोबारा गंदा खेल खेला तो भारतीय सैनिक ऐसा जवाब देंगे जो वे कभी नहीं भूलेंगे।

भारत पर प्रॉक्सी वॉर चलाने का आरोप लगा चुके ख्वाजा आसिफ ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में कहा था कि भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हमलों को लेकर नई दिल्ली और काबुल की सोच एक जैसी है।

आसिफ ने कहा जरूरत पड़ी तो पाकिस्तान अफगानिस्तान में दोबारा कार्रवाई कर सकता है। अगर अफगानिस्तान की ओर से शांति की कोई ठोस गारंटी नहीं मिलती है, तो पाकिस्तान वहां नए हमले करने से पीछे नहीं हटेगा। आसिफ ने यह भी कहा कि भारत के साथ युद्ध की संभावना अभी भी खत्म नहीं हुई है।

**पूर्व पाक उच्चायुक्त मुंबई और दिल्ली पर हमले की बात कह चुके**

इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित ने भी विवादास्पद बयान दिया था। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका पाकिस्तान पर हमला कर दे तो पाकिस्तान को बिना एक पल सोचे मुंबई और नई दिल्ली पर हमला कर देना चाहिए।

# अमेरिका ने पश्चिम एशिया की सैटेलाइट तस्वीरों पर लगाई रोक

## ईरान युद्ध के चलते कंपनियों को इमेज जारी न करने के निर्देश



**तेहरान।** अमेरिका ने ईरान युद्ध के बीच पश्चिम एशिया की उपग्रह तस्वीरें को जारी करने पर रोक लगाई है। युद्ध जारी रहने तक कंपनियों को इस क्षेत्र की उपग्रह तस्वीरें जारी करने को कहा गया है। प्लैनेट लैब्स जैसी कंपनियां सिर्फ जरूरी और मिशन-संबंधी मामलों में ही नई तस्वीरें उपलब्ध कराएंगी। अमेरिका ने उपग्रह छवियां (सैटेलाइट इमेजरी) देने वाली शीर्ष कंपनियों से पश्चिम एशिया के हिस्सों की तस्वीरें प्रकाशित नहीं करने के लिए कहा है। यह कदम ईरान युद्ध के कारण उठाया गया। एसोसिएटेड प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

पश्चिम एशिया संकटः ट्रंप बार-बार क्यों कर रहे हैं युद्ध खत्म होने का दावा, क्या काम आ रहा ईरान का आर्थिक बम?

#### प्रतिदिन की तस्वीरें उपलब्ध कराती हैं कंपनियां

प्लैनेट लैब्स जैसी कंपनियां रोजाना की तस्वीरें प्रदान करती हैं। ये तस्वीरें उन इलाकों की खबरों के लिए जरूरी हैं, जहां पत्रकारों के लिए जाना मुश्किल या खतरनाक है। इस वजह से ये तस्वीरें ईरान युद्ध की रिपोर्टिंग के लिए बेहद अहम है।

#### प्लैनेट लैब्स ने क्या कहा?

प्लैनेट लैब्स ने अपने उपयोगकर्ताओं (यूजर्स) को ईमेल में बताया कि वह अमेरिकी सरकार की मांग का पालन कर रहा है। 9 मार्च, 2026 के बाद की तस्वीरें अनिश्चितकाल के लिए रोक दी जाएंगी। कंपनी ने बताया कि नई तस्वीरें केवल अति आवश्यक, मिशन-संबंधी या जनता के हित के मामलों में ही जारी की जाएंगी। ये नियम तब तक लागू रहेंगे, जब तक संघर्ष समाप्त नहीं हो जाता।

# दुबई पर्यटन पर युद्ध की मार, होटल खाली और कारोबार ठप

## कमाई में 50-80% तक गिरावट, होटल ऑक्यूपेंसी 20% से भी नीचे

### युद्ध लंबा चला तो अरबों डॉलर का नुकसान संभव



**नेटवर्क।** पश्चिम एशिया में युद्ध का असर दुबई के पर्यटन पर साफ दिख रहा है। 2025 में करोड़ों पर्यटकों वाला शहर अब खाली होटलों और सूने रेस्तरां से जूझ रहा है। कमाई 50-80% तक गिर गई और होटल ऑक्यूपेंसी 15-20% रह गई। 2.26 लाख से ज्यादा बुकिंग रद्द हुई। हालात ऐसे हैं कि कई कारोबारियों को कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेजना पड़ा। दुनिया के सबसे व्यस्त पर्यटन केंद्रों में शामिल दुबई पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते गहरे संकट से गुजर रहा है। पिछले साल यानी 2025 में 19.59 मिलियन अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का स्वागत करने वाला यह शहर अब खाली होटलों, सूने रेस्तरां और ठप पड़े एयर ट्रैफिक की मार झेल रहा है। पर्यटन उद्योग से जुड़े कारोबारियों के अनुसार, आय में 50% से 80% तक की गिरावट आई है, जबकि होटल ऑक्यूपेंसी कई जगह 15-20% तक

#### 2.26 लाख से अधिक बुकिंग रद्द

डेटा फर्म एयरडीएनए के अनुसार, युद्ध शुरू होने के पहले महीने (28 फरवरी से 29 मार्च) के दौरान यूएई में 2,26,500 से अधिक शॉर्ट-टर्म बुकिंग रद्द हुई हैं।पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी होटल और शॉर्ट-टर्म अपार्टमेंट सप्लाई अब भारी दबाव में है, क्योंकि मांग अचानक गिर गई है।

#### प्रवासी कामगारों पर सबसे ज्यादा मार

दुबई के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में काम करने वाले प्रवासी कामगार इस संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। कई कर्मचारियों की नौकरी चली गई है या उन्हें बिना वेतन छुट्टी पर भेज दिया गया है। एक दक्षिण एशियाई वेटर के मुताबिक, यह कोविड-19 जैसा लग रहा है।हमें डर है कि फिर से नौकरी खोकर घर लौटना पड़ सकता है।मानवाधिकार समूहों के अनुसार यूएई में कई प्रवासी पहले से ही कर्ज के बोझ में दबे हैं, जिससे यह संकट उनके लिए और गंभीर हो गया है।

#### क्षेत्रीय स्तर पर अरबों डॉलर का नुकसान संभव

ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स की इकाई टूरिज्म इकोनॉमिक्स के अनुसार अगर युद्ध लंबा खिंचता है तो मध्य पूर्व में 23 से 38 मिलियन कम पर्यटक आ सकते हैं। इससे 34 अरब डॉलर से 56 अरब डॉलर तक के पर्यटन राजस्व का नुकसान हो सकता है। मामून हमीदेन के अनुसार अगर युद्ध जल्दी खत्म होता है तो रिकवरी संभव है, लेकिन लंबा खिंचने पर पूरे समर सीजन पर सवाल खड़े हो सकते हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर, जनपद-गाजियाबाद**

पत्रांक संख्या:-462/न0पा0परि0खो0म0गा0/2026 दिनांक:- 06 अप्रैल 2026

-:: निविदा निरस्त सूचना ::-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर गाजियाबाद क्षेत्रान्तर्गत (विज्ञापन पटट एवं निकाय शौचालयों की छत) पर विज्ञापन ठेका हेतु **(वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2034-35 तक)** के लिए फर्मो/ठेकेदारों/एजेन्सियों के माध्यम से कार्य कराये जाने हेतु निविदा सं0-2026_DOLBU_1132429_1 दिनांक 01.04.2026 के माध्यम से ई-टैण्डर पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिसको अपरिहार्य कारणों के कारण निरस्त किया जाता है।

**अधिशासी अधिकारी**
न0पा0परि0 खोड़ा-मकनपुर,
गाजियाबाद।









# जीडीए में 6 दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन

## 13 से 18 अप्रैल तक नामांतरण और रजिस्ट्री का होगा त्वरित निस्तारण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा आमजन की सुविधा एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से नामांतरण एवं रजिस्ट्री संबंधी 6 दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन 13 अप्रैल से 18 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। यह कैंप गाजियाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय में प्रतिदिन प्रातः 10:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक आयोजित होगा।




इस विशेष कैंप के माध्यम से आवंटियों एवं संपत्ति धारकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे उन्हें कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कैंप के दौरान प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर नामांतरण, रजिस्ट्री एवं संबंधित दस्तावेजों की जांच करते हुए प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

इसके अतिरिक्त, आवेदकों को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके कार्य सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सकें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को त्वरित एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना तथा लंबित मामलों का मौके पर ही समाधान करना है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया है कि इस कैंप के माध्यम से अधिक तम लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए तथा सभी संबंधित अधिकारी इस आयोजन को सफल बनाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

प्राधिकरण द्वारा सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे दिनांक 13 अप्रैल से 18 अप्रैल 2026 के मध्य, प्रातः 10:00 से 3:00 बजे तक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित इस विशेष कैंप का अधिकतम लाभ उठाएं तथा अपने नामांतरण एवं रजिस्ट्री से संबंधित प्रकरणों का समय से निस्तारण कराएं।

# राज नगर एक्सटेंशन में यशोदा हॉस्पिटल का सफल रक्तदान शिविर आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं कैंसर इंस्टीट्यूट, गाज़ियाबाद द्वारा राज नगर एक्सटेंशन स्थित फिटनेस जिमनेजियम में एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर का नेतृत्व डॉ. (पूर्व कमांडेंट) प्रमोद यादव ने किया। शिविर में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं जिम के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने हिस्सा लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।

### 'रक्तदान महादान है' : डॉ. प्रमोद यादव

**करंट क्राइम।** डॉ. प्रमोद यादव ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है, जो जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। ब्लड सेंटर की टीम द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए रक्त संग्रहण किया गया। साथ ही सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं अल्पाहार प्रदान किया गया। यह शिविर समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें सभी का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

# भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर

## विधायक संजीव शर्मा ने प्रताप विहार में किया ध्वजारोहण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने प्रताप विहार मंडल के वार्ड 48, बूथ संख्या 145 पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए संगठन को मजबूत करने और जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में महानगर मंत्री ललित कश्यप, मंडल अध्यक्ष हेमराज माहौर, पीतांबर पाल, संदीप पाल, धर्मेंद्र चौधरी समेत कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# डीपीएसजी मेरठ रोड में स्कूल समय बढ़ाने पर विवाद

## अभिभावकों ने खोला मोर्चा, शासन से हस्तक्षेप की माँग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद, मेरठ रोड द्वारा बिना पूर्व सूचना और अभिभावकों की सहमति के स्कूल के समय में प्रतिदिन 2 घंटे की वृद्धि किए जाने का मामला गरमा गया है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने इस निर्णय को मनमाना बताते हुए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।





आईपीए का आरोप है कि समय बढ़ाना एनसीएफ 2023 के टाइम-टेबल नियमों और सीबीएसई के दिशा-निर्देशों का सीधा उल्लंघन है। अभिभावकों का कहना है कि अचानक समय बढ़ने से विद्यार्थियों पर शारीरिक और मानसिक बोझ बढ़ गया है, जिससे उनके स्वास्थ्य और खेल-कूद की गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। एसोसिएशन के अनुसार, विद्यालय ने इस महत्वपूर्ण बदलाव के लिए पेरेंट-टीचर एसोसिएशन से कोई परामर्श नहीं किया, जो कि एनईपी 2020 की पारदर्शी व्यवस्था के विरुद्ध है।

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि बढ़ाए गए समय को तत्काल वापस नहीं लिया गया और पारदर्शी संवाद स्थापित नहीं हुआ, तो वे इस मामले को उच्च अधिकारियों के समक्ष और प्रखर रूप से उठाएंगे। फिलहाल, अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन से इस 'एकतरफा' निर्णय को रद्द करने की मांग की है।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत सिटी-ग्रामीण व ट्रांस हिंडन जोन में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

## स्कूल-कॉलेजों में शपथ पत्र और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए पुलिस ने बढ़ाई जनभागीदारी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन प्रहार को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए अब इसे जनआंदोलन का रूप दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सिटी, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन जोन के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों के तहत थाना मसूरी, मुरादनगर, कौशांबी, इंदिरापुरम, अंकुर विहार, नंदग्राम सहित कई थाना क्षेत्रों में छात्रों को कानून, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रमों में एसीपी स्तर के अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, बीट पुलिसिंग से जुड़े पुलिसकर्मी, पिंक बूथ और मिशन शक्ति केंद्र की टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही।




पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को न सिर्फ ऑपरेशन प्रहार के उद्देश्यों की जानकारी दी, बल्कि उन्हें अपराध के खिलाफ सतर्क रहने और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने की शपथ भी दिलाई। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए विशेष रूप से जागरूक किया गया, ताकि युवा वर्ग डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सके। पुलिस का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवाओं में जागरूकता बढ़ेगी और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी।

### निमंत्रण



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 6 अप्रैल को राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से उनके आवास पर मिले और उन्हें 11 अप्रैल को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए निमंत्रण दिया।

### स्थापना दिवस



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी के कार्यालय पर भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी, सहकारिता क्रय विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत ने पार्टी के इतिहास और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी।स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रामलीला समिति के अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता, आरडब्लूए के अध्यक्ष डीके गोयल, महामंत्री अमरीश त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी, सिमरन रंधावा, गुड्डू चौधरी, हिमांशु भूषण, एसएन अग्रवाल तथा दीपक कांत गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पानी की टंकी से गिरकर युवती की मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दौला रजपुरा गांव में एक युवती की पानी की टंकी से गिरकर मौत हो गई। घटना मंगलवार को हुई, जब 25 वर्षीय रानी खेत में काम कर रही थी और पानी लेने के लिए टंकी के पास गई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रानी पानी की टंकी पर चढ़कर ऊपर देखने और घूमने के इरादे से सीढ़ियों पर चढ़ने लगी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया।

वह करीब 20 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने उसे संभालने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह पानी की टंकी गांव में पानी की आपूर्ति के लिए बनवाई गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि टंकी के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जिससे ऐसे हादसों की आशंका बनी रहती है। मृतका के पिता का नाम सलीम है। बताया जाता है कि रानी अविवाहित थी। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया है।

# नोएडा प्राधिकरण की 222वीं बोर्ड बैठक: 10 हजार करोड़ से अधिक के बजट को मिली मंजूरी

## 2026-27 के लिए 10,290 करोड़ आय और 10,004 करोड़ खर्च का लक्ष्य तय



### विकास परियोजनाओं को मिली रफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा प्राधिकरण की 222वीं बोर्ड बैठक सोमवार को सेक्टर-6 स्थित प्राधिकरण सभागार में आयोजित की गई, जिसमें शहर के विकास, बजट और भविष्य की योजनाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक की अध्यक्षता औद्योगिक विकास आयुक्त एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक कुमार ने की। इस दौरान नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्णा करूणेश, ग्रेटर नोएडा सीईओ एनजी रवि कुमार और यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और बोर्ड सदस्य मौजूद रहे।

**इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्ट और शहरी सुविधाओं पर विशेष जोर**

बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 10,290 करोड़ रुपये की अनुमानित आय और 10,004 करोड़ रुपये के व्यय का बजट प्रस्ताव रखा गया, जिसे बोर्ड ने मंजूरी दे दी। यह बजट नोएडा के समग्र विकास, आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। विकास कार्यों को गति देने पर जोर बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले वित्तीय वर्ष में सड़क निर्माण, सीवर व्यवस्था, जल आपूर्ति, ट्रैफिक प्रबंधन और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता दी जाएगी।

### औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा

बैठक में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि नए औद्योगिक सेक्टरों के विकास, आईटी और स्टार्टअप कंपनियों को प्रोत्साहन देने और निवेशकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

नोएडा को एक प्रमुख औद्योगिक और आईटी हब के रूप में विकसित करने के लिए भूमि आवंटन प्रक्रियाओं को और पारदर्शी एवं सरल बनाने पर भी विचार किया गया। इससे देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

### पिछला वित्तीय प्रदर्शन रहा कमजोर

बैठक के दौरान पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रदर्शन की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित आय लक्ष्य के मुकाबले वास्तविक प्राप्ति कम रही, जिससे प्राधिकरण के सामने कुछ वित्तीय चुनौतियां आईं।

इस कमी के पीछे कई कारण बताए गए, जिनमें परियोजनाओं में देरी, राजस्व संग्रह में कमी और कुछ योजनाओं का समय पर पूरा न होना शामिल है। बोर्ड ने निर्देश दिए कि इन कमियों को दूर करने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए और राजस्व बढ़ाने के नए स्रोतों पर काम किया जाए।

### पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर

बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम को और मजबूत किया जाएगा, जिससे परियोजनाओं की प्रगति पर नजर रखी जा सके। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और समय सीमा के भीतर परियोजनाओं को पूरा किया जाए।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# किसान को पड़ोसी ने मारी गोली, हालत गंभीर

**नोएडा (करंट क्राइम)।** आपसी रंजिश के चलते पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर का थाना दनकौर क्षेत्र के ग्राम अट्टा फतेहपुर में रहने वाले 48 वर्षीय किसान को उसके पड़ोसी ने गोली मार दी। गोली उसके जबड़े में फंस गई है।



अत्यंत गंभीर हालत में किसान को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अट्टा फतेहपुर निवासी 48 वर्षीय कासिमको खेत पर कार्य करते समय गांव के ही किसी व्यक्ति द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया गया है।

सूचना प्राप्त होते ही थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर जांच की गई, जिसमें पाया गया कि घायल व्यक्ति अपने खेत पर ट्यूबेल के पास बैठा था, जहा गाँव के कुछ अन्य लोग भी मौजूद थे। इसी दौरान वह आरोपित व्यक्ति वहाँ पहुँचा और पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए अपने पास मौजूद देशी तमंचे से उस पर गोली चला दी तथा मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि घायल को तत्काल उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली उसके जबड़े में जाकर फंस गई है। जहाँ चिकित्सकों द्वारा उसे खतरे से बाहर बताया गया है तथा उसका उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि घायल के पुत्र द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।